दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

अमन लेखनी

सभी के प्रति हो करूणा का भाव.....
पूरे देश में दिखती है .....

वर्ष : 11 | अंक : 07 | लखनऊ, 23 दिसम्बर , सोमवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

पीएम मोदी को 'द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर' से किया गया सम्मानित

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कुवैत ने अपने सर्वोच्च सम्मान ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर से सम्मानित किया है। यह सम्मान भारत के लिए भी बेहद खास है क्योंकि यह किसी भी देश द्वारा प्रधानमंत्री मोदी को दिया गया 20वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। मुबारक अल कबीर आदेश कुवैत का एक नाइटहुड आदेश है। यह सम्मान मित्रता के प्रतीक के रूप में राष्ट्राध्यक्षों, विदेशी राष्ट्राध्यक्षों और विदेशी शाही परिवारों के सदस्यों को मिलता है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले अंतर्राष्ट्रीय नेता नहीं है जिन्हें ये सम्मान मिला है। उनसे पहले यह पुरस्कार बिल क्लिंटन, प्रिंस चार्ल्स और जॉर्ज बुश जैसे विदेशी नेताओं को प्रदान किया जा चुका है। शनिवार को दो दिवसीय यात्रा पर कुवैत पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी 43 वर्षों में इस खाड़ी देश की यात्रा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। साथ ही वो भारत के पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्हें ये पुरस्कार मिला है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि कुवैत के महामहिम अमीर शेख मेशल अल अहमद अल जबर अब सबा के साथ मुलाकात की है। हमने फार्मास्यूटिकल्स, आईटी, फिनटेक, इंफ्रास्ट्रक्चर और सुरक्षा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की है। दोनों देशों के बीच घनिष्ठ संबंध है। हमने अपनी साझेदारी को रणनीतिक स्तर पर बढ़ाया है। उम्मीद है कि आने वाले समय में हमारी दोस्ती को मजबूती मिलेगी। भारत कुवैत के शीर्ष व्यापारिक साझेदारों में शुमार है। कुवैत में सबसे बड़ा भारतीय प्रवासी समुदाय रहता है। इससे पहले दोनों देशों के बीच 2023-24 में 10.47 बिलियन अमेरिकी डॉलर का व्यापार हुआ था। कुवैत भारत का छठा सबसे बड़ा कच्चे तेल का आपूर्तिकर्ता है। ऊर्जा जरुरतों का तीन प्रतिशत हिस्सा कुवैत से आए तेल के जरिए ही पूरा होता है। बता दें कि भारतीय निर्यात कुवैत में पहली बार 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचा है।

प्रधानमंत्री ने अमीर से मुलाकात की, अरब खाड़ी कप के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशियाई देश की अपनी यात्रा के दौरान कुवैत के अमीर शेख मेशल अल-अहमद अल-जबर अल सबाह से मुलाकात की। दोनों नेताओं की मुलाकात 26वें अरब गल्फ कप के उद्घाटन समारोह के दौरान हुई, जहां मोदी को कुवैत सिटी के जाबेर अल-अहमद अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। विदेश मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और कुवैत के नेतृत्व के बीच अनौपचारिक बातचीत हुई। कुवैत को आठ टीमों के फुटबॉल टूर्नामेंट के पहले मैच में ओमान से खेलना था। कुवैत द्विवार्षिक अरब खाड़ी कप की मेजबानी कर रहा है, जिसमें जीसीसी देश इराक और यमन सहित आठ देश खेल रहे हैं। यह टूर्नामेंट इस क्षेत्र के सबसे प्रमुख खेल आयोजनों में से एक है, जिसमें कुवैत ने अधिकतम लीग जीती हैं। प्रधानमंत्री मोदी कुवैत के अमीर के निमंत्रण पर दो दिवसीय यात्रा पर हैं।

संभल में जमीन के नीचे मिली ऐतिहासिक विरासत रानी की बावड़ी, मिट्टी में थी दफन

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

संभल ,उत्तर प्रदेश के संभल से एक और नई खबर सामने आ रही है। संभल के पास चंदौसी में राजस्व विभाग ने जमीन के नीचे खुदाई की है। इस खुदाई में जो सामने आया वो हैरान करने वाला है। इस खुदाई के बाद पुरे संभल में हड़कंप मच गया है क्योंकि यहां रानी की एक बावड़ी की खोज हुई है।

ये बावड़ी विशालकाय है जिसकी खोज अब की गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक चंदौसी का लक्ष्मण गंज क्षेत्र 1857 से पहले हिंदू बाहुल्य इलाका माना जाता था। इस इलाके में बड़ी संख्या में सैनी समाज के लोग रहा करते थे। मगर अब हिंदूओं की जगह इस इलाके में मुस्लिम बाहुल्य लोग रहते है। बता दें कि संभल में 46 साल पुराना मंदिर मिला है। डीएम को शिकायती पत्र दिया गया है। इस पत्र में कहा गया था कि लक्ष्मण गंज में पहले बिलारी की रानी की बावड़ी हुआ करती थी।

पत्र मिलने के बाद डीएम ने जांच के आदेश दिए। इसी जांच के तहत शनिवार 21 दिसंबर को राजस्व विभाग से नायब तहसीलदार धीरेंद्र सिंह घटनास्थल पर पहुंचे थे। उनके पास एक नक्शा भी था, जिसके आधार पर खुदाई शुरू की गई। खुदाई में जमीन के नीचे एक प्राचीन इमारत निकली है। इस खुदाई में मिली इमारत को लेकर तहसीलदार ने आजतक को बताया कि खुदाई में जो इमारत मिली है वो दो मंजिला लग रही है। मौजूदा अभिलेखों के मुताबिक यहां बावड़ी, तालाब की जानकारी भी दी गई है। संभावना है कि यहां एक सुरंग भी हो। अभी बावड़ी की पूरी खुदाई की जाएगी, जिसमें संभावना है कि ये बड़ी हो सकती है। नक्शे को आधार बनाकर आगे भी कार्रवाई होगी।

मौसम

अधिकतम तापमान 23.c

न्यूनतम तापमान 7.c

बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,526.14

निफ्टी 24,641.80

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने सांसदों की जवाबदेही की वकालत की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, संसद में व्यवधान के कारण कामकाज कम होने की पृष्ठभूमि में, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को सांसदों की जवाबदेही की वकालत की और कहा कि लोग सांसदों को यह सोचने पर मजबूर करें कि उन्हें संसद में क्यों भेजा गया। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी लोकतंत्र की सफलता के लिए अभिव्यक्ति और संवाद दोनों बड़ी जिम्मेदारी के साथ-साथ चलने चाहिए। राज्यसभा के सभापति धनखड़ ने सांसदों के बीच जवाबदेही का आ ान करते हुए कहा, कोई गलती न करें, मैं सांसदों का जिक्र कर रहा हूं। लोगों ने अव्यवस्था को व्यवस्था के रूप में लेना सीख लिया है। आधिकारिक बयान के अनुसार, उपराष्ट्रपति ने कहा, लोग आपको (सांसदों) सोचने पर मजबूर करेंगे कि आप वहां (संसद) क्यों गए थे? चौधरी चरण सिंह पुरस्कार, 2024 के विजेताओं को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि कृषि ग्रामीण विकास की रीढ़ है। उन्होंने कहा, जब तक कृषि का विकास नहीं होता, ग्रामीण परिदृश्य को बदला नहीं जा सकता। और जब तक ग्रामीण परिदृश्य नहीं बदलता, हम विकसित राष्ट्र बनने की आकांक्षा नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए लोगों की आय में आठ गुना वृद्धि होनी चाहिए।

आंबेडकर पर शाह की टिप्पणी पर मायावती ने दी प्रतिक्रिया

कांग्रेस के उतावलेपन को बताया स्वार्थ की राजनीति

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने संसद में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के बारे में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की कथित अपमानजनक टिप्पणी पर रविवार को प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि इस मामले पर कांग्रेस का उतावलापन विशुद्ध छलावा व स्वार्थ की राजनीति है। बसपा प्रमुख मायावती ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, अमित शाह द्वारा संसद में परमपूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का अनादर किए जाने को लेकर देश भर में लोगों में भारी आक्रोश है, लेकिन बाबासाहेब उपेक्षा व देशहित में उनके संघर्ष को हमेशा आघात पहुंचाने वाली कांग्रेस का इसको लेकर उतावलापन विशुद्ध छलावा व स्वार्थ की राजनीति है। मायावती ने कांग्रेस के साथ ही सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए लिखा कि बाबा साहेब का नाम लेकर उनके अनुयाइयों के वोट मांगने की स्वार्थ की राजनीति करने में कांग्रेस व भाजपा समेत विभिन्न पार्टियां एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के आत्म-सम्मान के कारवां को आगे बढ़ने से रोकने के लिए सभी पार्टियां बसपा को आघात पहुंचाने के षडयंत्र में लगी रहती हैं। बसपा प्रमुख ने कहा कि वास्तव में बाबा साहेब समेत बहुजन समाज में जन्मे महान संतों, गुरुओं, महापुरुषों को भरपूर आदर-सम्मान केवल बसपा की सरकार में ही मिल पाया, जो जातिवादी पार्टियों को हजम नहीं हुआ। समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए मायावती ने कहा खासकर सपा ने तो द्वेष के तहत नए जिले, नयी संस्थाओं व जनहित योजनाओं आदि के नाम भी बदल डाले थे। कांग्रेस ने मंगलवार को संविधान पर चर्चा के दौरान राज्यसभा में गृह मंत्री अमित शाह की आंबेडकर के बारे में टिप्पणी के लिए उनसे माफी की मांग की। विपक्षी दल ने आरोप लगाया कि यह टिप्पणी दशार्ती है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नेताओं में बी आर आंबेडकर के प्रति काफी नफरत है। इसके बाद कांग्रेस ने शाह के खिलाफ आंदोलन भी चलाया।

संक्षिप्त समाचार

तेलंगाना की पांच दिवसीय यात्रा के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दिल्ली रवाना

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शनिवार को तेलंगाना की अपनी पांच दिवसीय यात्रा पूरी कर दिल्ली के लिए रवाना हो गईं। राष्ट्रपति 17 दिसंबर को यहां पहुंचने के बाद वह राष्ट्रपति निलयम में ठहरी थीं। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा, केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी, राज्य पंचायत राज मंत्री दानसारी अनसूया सीथक्का और अन्य गणमान्य उन्हें यहां हाकिमपेट वायुसेना केंद्र पर विदा करने के लिए एकत्र हुए। अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने 20 दिसंबर को यहां सिकंदराबाद स्थित रक्षा प्रबंधन महाविद्यालय को राष्ट्रपति ध्वज प्रदान किया। उन्होंने राज्य के गणमान्य व्यक्तियों, प्रमुख नागरिकों, शिक्षाविदों और अन्य लोगों के लिए राष्ट्रपति निलयम में एट होम रिसेप्शन का आयोजन किया।

रायबरेली में हिंदू संगठन ने राहुल गांधी के खिलाफ पोस्टर और होर्डिंग लगाए

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, एक हिंदू संगठन ने रायबरेली के कई स्थानों पर स्थानीय सांसद व लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के विरोध में होर्डिंग और पोस्टर लगाए गए हैं। विश्व हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री राहुल सिंह ने बताया कि चुरुवा बार्डर से लेकर रायबरेली जिला मुख्यालय तक कई स्थानों पर होर्डिंग व पोस्टर लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि संसद में एक बुजुर्ग सांसद की पिटाई से वह आहत हैं। हालांकि कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने बताया कि गांधी पर लगाए गए आरोप झूठे हैं।

शाह ने टीटीएएडीसी के प्रतिनिधिमंडल के साथ की बैठक

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त जिला परिषद (टीटीएएडीसी) के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की और राज्य के मूल निवासियों के मुद्दों पर चर्चा की। शाह पूर्वोत्तर परिषद के 72वें पूर्ण अधिवेशन में भाग लेने के लिए त्रिपुरा के दो दिवसीय दौरे पर थे। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर लिखा, आज अगरतला में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में टीएएडीसी के सम्मानित नेताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में भाग लिया। उन्होंने कहा कि बैठक में भाजपा के पूर्वोत्तर समन्वयक संबित पात्रा, राज्य के मंत्री और अन्य प्रमुख पदाधिकारी भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा, हमने मिलकर प्रमुख मुद्दों पर विचार-विमर्श किया तथा अपने राज्य के मूल निवासियों को और अधिक सशक्त बनाने तथा उनके उत्थान के लिए रास्ते तलाशे। आंगनवाड़ी की एक सहायिका को भी भोजन विषाक्तता हुई। उन्होंने बेचैनी होने की शिकायत की। यह मामला शनिवार को तब सामने आया जब कुछ स्थानीय चैनल ने इस घटना की खबर प्रसारित की। केरल के कोच्चि जिले की एक स्थानीय आंगनवाड़ी में खाना खाने के बाद 10 से ज्यादा बच्चे बीमार पड़ गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार को यहां पोन्नुरुन्नी स्थित आंगनवाड़ी में दिए गए ह्यउपमाह्न को खाने से कुल 13 बच्चों में से कम से कम 11 बच्चों को उल्टी और दस्त होने लगी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा कुछ बच्चों की माताएं तथा आंगनवाड़ी की एक सहायिका को भी भोजन विषाक्तता हुई। उन्होंने बेचैनी होने की शिकायत की। यह मामला शनिवार को तब सामने आया जब कुछ स्थानीय चैनल ने इस घटना की खबर प्रसारित की।

मोहाली में गिरी इमारत, मचा हड़कंप, दो की हुई मौत, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, पंजाब के साहिबजादा अजीत सिंह नगर (मोहाली) जिले के सोहाना गांव में बहुमंजिला इमारत गिरने के स्थान से रविवार सुबह एक शव बरामद किया गया। इसके साथ ही इस घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर दो हो गई। इससे पहले, बचाव दल ने इमारत के मलबे में फंसे लोगों की तलाश में रात भर काम किया, जो शनिवार शाम को ढह गई थी।

रविवार सुबह घटनास्थल से प्राप्त दृश्यों में भारतीय सेना और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) के जवान बचाव अभियान जारी रखते हुए दिखाई दिए। पहली पीड़ित 20 वर्षीय महिला हिमाचल प्रदेश की थी, जबकि दूसरा पीड़ित पुरुष हरियाणा के अंबाला का था। पुलिस ने बताया कि चार मंजिला इस इमारत के बेसमेंट में जिम था, जो इमारत के मालिकों द्वारा बगल के भूखंड पर किए जा रहे खुदाई कार्य के कारण ढह गई। पुलिस के अनुसार, खुदाई के कारण जमीन धंस गई और उसके साथ ही इमारत भी गिर गई। मालिक परविंदर सिंह और गगनदीप सिंह पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 (गैर इरादतन हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया है। जिला अधिकारियों ने एक नियंत्रण कक्ष फोन नंबर (0172-2219506) जारी किया है और घायलों की देखभाल के लिए सिविल अस्पताल (मेडिकल कॉलेज से संबद्ध), फोर्टिस, मैक्स और सोहाना सहित शहर के सभी प्रमुख अस्पतालों को अलर्ट पर रखा है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, पूरा प्रशासन और अन्य बचाव दल घटनास्थल पर तैनात हैं। मैं प्रशासन के साथ लगातार संपर्क में हूं। हम प्रार्थना करते हैं कि कोई जनहानि न हो, हम दोषियों के खिलाफ कार्रवाई भी करेंगे।

भारत दूसरों को अपने फैसलों पर वीटो लगाने की अनुमति नहीं दे सकता: जयशंकर

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



मुंबई। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि भारत कभी भी दूसरों को अपने फैसलों पर वीटो लगाने की अनुमति नहीं देगा और वह किसी डर की परवाह किए बिना राष्ट्रीय हित और वैश्विक भलाई के लिए जो भी सही होगा वह करेगा। मुंबई में एक समारोह के लिए दिए गए वीडियो संदेश में उन्होंने कहा कि जब भारत वैश्विक चेतना में अधिक गहराई से अंकित हो जाता है, तो इसके परिणाम वास्तव में बहुत जबर्दस्त होते हैं। उन्होंने कहा कि अस्वस्थ आदतों, तनावपूर्ण जीवनशैली या बार-बार होने वाली जलवायु घटनाओं से जूझ रही दुनिया में भारत की विरासत से बहुत कुछ सीखा जा सकता है, लेकिन दुनिया को तभी पता चलेगा जब देशवासी इस पर गर्व करेंगे। जयशंकर ने कहा कि वैश्वीकरण के युग में प्रौद्योगिकी और परंपरा को एक साथ चलना होगा। उन्होंने कहा, भारत अवश्य ही प्रगति करेगा, लेकिन उसे अपनी भारतीयता खोए बिना ऐसा करना होगा। तभी हम बहुध्रुवीय विश्व में वास्तव में अग्रणी शक्ति के रूप में उभर पाएंगे। जयशंकर को 27वें एसआईईएस श्री चंद्रशेखरेंद्र सरस्वती नेशनल एमिनेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। पुरस्कार का नाम कांची कामकोटि पीठम के 68वें द्रष्टा दिवंगत श्री चन्द्रशेखरेन्द्र सरस्वती के नाम पर रखा गया है। विदेश मंत्री इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए लेकिन उन्होंने अपना वीडियो संदेश भेजा। उन्होंने कहा, स्वतंत्रता को कभी भी तटस्थता के साथ भ्रमित नहीं किया जाना चाहिए। हम संगत होने के किसी डर की परवाह किए बिना अपने राष्ट्रीय हित और वैश्विक भलाई के लिए जो भी सही होगा, वह करेंगे। भारत कभी भी दूसरों को अपने फैसलों पर वीटो लगाने की अनुमति नहीं दे सकता। जयशंकर ने कहा कि भारत आज एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। एक तरफ, पिछले दशक ने दिखाया है कि उसके पास क्षमताएं, आत्मविश्वास और सबसे महत्वपूर्ण बात, व्यापक मोर्चों पर विकास को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता है।

बाबासाहेब के मान पर हो चर्चा, सपा ने जारी किया पीडीए पर्चा...

अंबेडकर विवाद के बीच अखिलेश ने चला नया दांव

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। संसद में गृहमंत्री अमित शाह के बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर पर दिए बयान के बाद सियासत गर्मा गई है। समाजवादी पार्टी सड़क तक विरोध दर्ज करा रही है। अब सपा ने पीडीए पर्चा का नया दांव चला है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर से एक पीडीए पर्चा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी किया गया। इसका विषय 'हो बाबासाहेब के मान पर चर्चा अब घर-घर पहुंचे पीडीए पर्चा' रखा गया है।

पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक (पीडीए) पर्चा के माध्यम से सपा प्रमुख ने लिखा कि प्रभुत्ववादियों और उनके संगे-साथियों के लिए बाबासाहेब सदैव से एक ऐसे व्यक्तित्व रहे हैं, जिन्होंने संविधान बनाकर शोषणात्मक-नकारात्मक प्रभुत्ववादी सोच पर पाबंदी लगाई थी, इसीलिए ये प्रभुत्ववादी हमेशा से बाबासाहेब के खिलाफ रहे हैं और समय-समय पर उनके अपमान के लिए तिरस्कारपूर्ण बयान देते रहे हैं।

बाबासाहेब को अपमानित करने वालों को सत्ता से हटा देंगे- अखिलेश

अखिलेश ने लिखा कि इन्होंने कभी भी बाबसाहेब के सबकी बराबरी के सिद्धांत को स्वीकार नहीं किया। अपमान की इस प्रथा को तोड़ने के लिए अब पीडीए समाज के हर युवक, युवती, महिला, पुरुष ने ये ठान लिया है कि वो सामाजिक एकजुटता से राजनीतिक शक्ति प्राप्त करके अपनी सरकार बनाएंगे। बाबासाहेब और उनके संविधान को अपमानित व खारिज करने वालों को हमेशा के लिए सत्ता से हटा देंगे। उसके बाद ही जाति जनगणना हो सकेगी और पीडीए समाज को उनकी गिनती के हिसाब से उनका हक और समाज में भागीदारी के अनुपात में सही हिस्सा मिल पाएगा।

भागवत के मंच से बोले अखिलेश- गुजरात से हुई कलियुग की शुरूआत

उधर, फिरोजाबाद में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने शिकोहाबाद के गांव नौकटा में रविवार शाम श्रीमद्भागवत कथा में हिस्सा लिया। उन्होंने मंच से कहा कि जिस क्षण भगवान श्रीकृष्ण ने प्राण त्यागे उसी क्षण से कलियुग की शुरूआत हो गई। कहा कि जिस जगह प्राण त्यागे, उस जगह से कलियुग की शुरूआत हुई। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण ने गुजरात में प्राण त्यागे। भाजपा स्मारकों की नहीं बल्कि सौहार्द की खोदाई कर रही है। मोहन भागवत के बयान पर कहा कि लोगों की जान चली गई। इसके बाद इस तरह के बयान से कोई लाभ नहीं है। सपा मुखिया ने ये भी कहा कि भाजपा को बाबा साहब के अपमान को लेकर देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

संक्षेप

मकान के बंटवारे को लेकर दो भाइयों में हुई जमकर मारपीट

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। एक गांव में मकान बंटवारे के लेकर दो भाइयों में जमकर मारपीट हुई। बड़े भाई ने छोटे भाई की लाठी डंडे से पिटाई कर दी। भाई की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम तरौना निवासी भैया लाल का अपने बड़े भाई सुंदरलाल से मकान बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। रविवार सुबह भैया लाल सुबह जरूरी काम से जा रहे थे। इस बीच बड़े भाई सुंदरलाल ने उनकी लाठी डंडे व ईंट से सिर पर वार कर दिया। सिर में चोट लगने से वह बेसुध होकर गिर पड़े। आसपास के लोगों को जुटता देख सुंदरलाल मौके से भाग निकला। इस संबंध में रहीमाबाद एसओ अनुभव सिंह ने बताया कि भाई की तहरीर पर भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश की जा रही है।

शहीद पथ पर अज्ञात वाहन कि चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

किसान पथ, मोहिद्दीनपुर गांव पीजीआई कोतवाली क्षेत्र की घटना।

पीजीआई पुलिस विधिक कार्रवाई में जुटी परिजनों को दी गई सूचना।

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के किसान पथ मोहिद्दीनपुर गांव के निकट शनिवार रात किसी समय ,अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पीजीआई कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर एपेक्स ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, और मृतक के परिवार को सूचना दी, इंस्पेक्टर पीजीआई रवि शंकर त्रिपाठी ने बताया कि विधिक कार्रवाई की जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक आशीष कुमार 35 वर्ष पिता का नाम नन्हे लाल ,सुल्तानपुर रोड ,बसरहिया, अमेठी, गोसाईगंज,लखनऊ में रहते हैं।

अखिल भारतीय पत्रकार एसोशिएशन द्वारा कंबल वितरण का आयोजन किया

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । अखिल भारतीय पत्रकार एसोशिएशन द्वारा आज ग्राम गहरा खेड़ा मजरा ग्राम पंचायत धुरई थाना खीरों जिला रायबरेली में कंबल वितरण का कार्यक्रम का आयोजन राम प्रकाश लोधी पत्रकार व अन्य पत्रकारों द्वारा किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम में ग्राम गहरा खेड़ा समेत आस पास ग्राम के सैकड़ो गरीब बेसहारा लोगों को अखिल भारतीय पत्रकार एसोशिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र मिश्रा , प्रदेश कोषाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा, लखनऊ जिला अध्यक्ष संजय सक्सेना, पूर्व जिला सचिव रामप्रकाश लोधी, पीजीआई पत्रकार विकास सिंह, पत्रकार अतुल तिवारी, प्रयागराज से कुंवर वीरेश्वरी शरण सिंह, कंबल वितरण किए। इस मौके पर थाना खीरों के एसएसआई दिवेश यादव पुलिस टीम के साथ उपस्थित रही।

जन संवाद, सम्मान और समाधान: डॉ. राजेश्वर सिंह की जनता से जुड़ाव की नई मिसाल

100वें आपका विधायक आपके द्वार शिविर ने स्थापित किया मील का पत्थर : शिविर में आए 182 विकास प्रस्ताव

बिजनौर में आयोजित हुआ 100वां आपका विधायक आपके द्वार जन सुनवाई शिविर: क्षेत्रवासियों ने रखे विकास संबंधित 182 प्रस्ताव

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर की जनता के चतुर्दिक विकास को समर्पित भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा चलाए जा रहे जनसंवाद व जनसुनवाई शिविरों के 100 आयोजनों का कीर्तिमान रविवार को पूरा हुआ। यह उपलब्धि जनता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और समर्पण का प्रतीक है। 100वें शिविर का आयोजन राजा बिजली पासी द्वितीय वार्ड, कस्बा बिजनौर में किया गया, जहां क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुना गया और समाधान के प्रयास किए गए।

शिविर में क्षेत्रवासियों ने अपनी 182 समस्याओं और आवश्यकताओं को साझा किया, जिनमें प्रमुख थीं: आवास संबंधित 102, राशन कार्ड संबंधित 23, निराश्रित महिला पेंशन संबंधित 17, वृद्धावस्था पेंशन संबंधित 11, इसके अतिरिक्त, शिविर में 70 वर्ष से अधिक आयु की दो महिलाओं, इंद्राणी और तेजकली को तत्काल उनका आयुष्मान कार्ड भी बनवाकर प्रदान किया गया।

शिविर के दौरान ₹गाँव की शान₹ पहल के तहत, हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।हाईस्कूल परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों: प्रज्ञा सिंह (85%), सौरभ पाल (76%) और इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों: शीतल वर्मा (80%), शिवा रावत (70%) को साइकिल और घड़ी देकर सम्मानित किया गया। डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा युवाओं को खेल संसाधन उपलब्ध कराने के संकल्प क्रम में राज बिजली पासी द्वितीय वार्ड में 54वां गर्ल्स यूथ क्लब गठित कर वॉलीबॉल, फुटबॉल, कैरम आदि खेलों की किट भी प्रदान की गईं।

इसके साथ ही, शिविर में उपस्थित विभिन्न समाजसेवियों और कार्यकताओं को भी सम्मानित किया गया, जिनमें प्रमुख रूप से सेक्टर संयोजक मुकेश द्विवेदी, पार्षद लवकुश रावत, पूर्व प्रधान संदीप कुमार सैनी, बूथ अध्यक्ष अजीत मौर्या, मेडीलाल शर्मा, अमुराग शर्मा, हिमांशु दुबे, दिनेश कश्यप, युवा मोर्चा मंडल संयोजक अभय श्रीवास्तव, नीता पांडेय और अभय सिंह यादव शामिल हैं। इन्हें विधयक की ओर से अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। यह जनसंवाद शिविर सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा जनता के बीच अधिक से अधिक संपर्क और सुविधा पहुँचाने की निरंतर कोशिश का हिस्सा है। इस दौरान उपस्थितजनों को सरोजनीनगर की पहचान बन चुकी तारा शक्ति रसोई के माध्यम से ताजा और पौष्टिक भोजन भी उपलब्ध कराया गया।

विगत 100 सप्ताहों से निरंतर आयोजित यह जनसंवाद शिविर सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा जनता के बीच अधिक से अधिक संपर्क और सुविधा पहुँचाने की निरंतर कोशिश का हिस्सा है। डॉ. राजेश्वर सिंह का यह प्रयास उनकी जनता के प्रति सच्ची निष्ठा और समर्पण का प्रतीक है। उनका उद्देश्य क्षेत्रवासियों को न केवल सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है, बल्कि उनके जीवन स्तर में सुधार लाने की दिशा में निरंतर काम करना है।

आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण आबादी क्षेत्र में करने की एसडीएम से मांग

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। नगर पंचायत मोहनलालगंज के मऊ गांव में आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण हेतु भूमि का चयन केंद्रों से लगभग 1 किमी से अधिक दूरी पर किए जाने से गर्भवती महिलाओं एवं नौनिहाल बच्चों को आने वाली परेशानियों को देखते हुए लाभार्थियों एवं नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर आबादी एवं उसके आस-पास खाली पड़ी भूमि का चयन कराने की मांग की गयी है।

तहसील समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी को दर्जनों लाभार्थी महिलाओं एवं नागरिकों द्वारा दिये गए शिकायती पत्र में बताया गया है कि मऊ गांव में आंगनबाड़ी केंद्र प्रथम,द्वितीय तथा चतुर्थ कुल तीन केंद्रों के अलग-अलग भवनों का निर्माण प्रस्तावित है। जिसका निर्माण कार्यदायी संस्था नगर पंचायत द्वारा किया जाना है निर्माण स्थल के लिए भूमि का चयन क्षेत्रीय लेखपाल सुशील गुप्ता तथा नगर पंचायत में बीते लगभग तीन साल से तैनात आउट सोर्सिंग कर्मचारी अंकुर निगम द्वारा किया गया है। जिसमें मऊ चतुर्थ केंद्र भवन निर्माण की भूमि का चयन केंद्र से लगभग एक किमी की दूरी पर मोहनलालगंज-गोसाईगंज मार्ग को पार कर पूरब दिशा की ओर गाटा सं०2260 पर किया गया है तथा मऊ द्वितीय व प्रथम का निर्माण लगभग 1.5 किमी की दूरी पर गाटा सं०1587 पर भूमि का चयन मनमाने तरीके से किया गया है जो निष्प्रयोज्य है। क्षेत्रीय लेखपाल एवं नगर पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा भूमि के चयन में उपयोगिता एवं मानवीय दृष्टिकोण पर ध्यान नहीं दिया गया सिर्फ औपचारिकता का निर्वहन किया गया है। जबकि मऊ गांव में आबादी एरिया तथा आबादी के आस पास उपयुक्त भूमि उपलब्ध है। गाटा सं०1587 तथा 2260 पर आंगनबाड़ी केंद्र के भवनों में नौनिहाल बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को आने जाने में असुरक्षा एवं मार्ग दुर्घटनाओं की जटिल समस्यायों का सामना करना पड़ेगा। अभिभावकों ने यह भी बताया कि इन भवनों में हम अपने बच्चों को भेजने में असमर्थ होंगे।

हाइटेंशन लाइन की चपेट में आने से टेंट मजदूर की मौत,मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। कुर्मिनखेड़ा गांव में रविवार को लगने वाले मेले में टेंट व लाइट लगाने गये मजदूर की हाइटेंशन लाइन की चपेट में आकर मौत हो गयी।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक मजदूर के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेजा।मोहनलालगंज के गौरा निवासी अनीश कुमार (20वर्ष) के माता पिता की आठ साल पहले मौत हो गयी थी,जिसके बाद से वो अपने नाना रामभरोसे व नानी सुनीता निवासी छोटीखेड़ा थाना नगराम के साथ रह रहा था ओर गांव के ही टेंट व्यवसायी सुधीर के टेंट में मजदूरी करता था।नाना रामभरोसे ने बताया निगोहां के कुर्मिनखेड़ा गांव का रविवार को मेला था,जिसमें टेंट लगाने के लिये मजदूर अनीश गया था। प्रत्यक्ष दर्शियों की माने तो 11 बजे के करीब मजदूर अनीश मेले में लाइट की व्यवस्था के लिये तार खीचकर नीम के पेड़ पर चढकर बांध रहा था तभी पेड़ के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस कर जमीन पर आ गिरा।आनन-फानन टेंट कारोबारी मजदूर को इलाज के लिये वाहन से सीएचसी लेकर पहुंचे जहां इमरजेंसी में मौजूद डाक्टर ने मजदूर को मृत घोषित कर दिया।सूचना के बाद नाना-नानी समेत परिजन मौके पर पहुंचे तो शव देख कर बिलख पड़े।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया प्रथम दृष्टया जांच में लापरवाही के चलते मजदूर की जान गयी है परिजनो के तहरीर देने पर कार्यवाही की जायेगी।

भ्रष्टाचार की शिकायत पर हटाए गए ईओ मनीष राय

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। नगर पंचायत मोहनलालगंज के ईओ मनीष राय द्वारा विकास कार्यों में किये गये भ्रष्टाचार तथा गम्भीर अनियमितताओं के आरोपों की सभासदों की शिकायतों एवं क्षेत्रीय भाजपा विधायक के हस्तक्षेप पर शासन द्वारा उन्हें तत्काल हटाते हुए कार्यमुक्त कर दिया गया है। सभासदों ने शिकायती पत्र में नगर पंचायत द्वारा कराए गए निर्माण कार्यों की टी.ए.सी.जांच कराए जाने की भी मांग की है।प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित भाजपा विधायक अमरेश रावत को नगर पंचायत मोहनलालगंज के भाजपा सभासद हिमांशु तिवारी, सोनू शर्मा, हिमांशु सिंह, पूनम पाल, रजाना तथा राहुल ने ईओ मनीष राय की कार्य प्रणाली पर गम्भीर आरोप लगाते हुए बताया कि ईओ द्वारा अनाधिकृत लोगों के साथ सरकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों आदि को मनमाने तरीके से कराया जाता है और सभासदों के पूछने पर भी कोई जानकारी नहीं दी जाती है। चिन्हित ठेकेदारों से दुरभि संधि कर उन्हें ही ठेका देने का कार्य करते हैं यदि किसी टेंडर में कंपटीशन हो जाता है तो उस टेंडर को निरस्त कर दिया जाता है। मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना तथा अन्य योजनाओं के निर्माण कार्यों में शासनादेशानुसार मुख्यमंत्री सहित जनप्रतिनिधियों तथा योजनाओं की लागत से सम्बन्धित साइन बोर्ड (पत्थर) कहीं पर भी ईओ मनीष राय द्वारा नहीं लगाये गये है वहीं अवैध प्लॉटिंग कंपनियों,बिल्डरों को लाभ पहुंचाने के लिए बिना शासन की अनुमति से बेशकीमती सरकारी जमीन गाटा सं.1732 से प्रस्ताव से इतर सीसी मार्ग बनाए जाने का नियम विरुद्ध प्रयास किया जिस पर वार्ड-12 के सभासद हिमांशु तिवारी द्वारा हाइकोर्ट में याचिका योजीत की गई जो विचाराधीन है।तथा अवैध प्लाटिंगो के लिये अन्य वार्डो में भी मार्गो का निर्माण कराया गया है। संयुक्त रूप से दिए गए शिकायती पत्र में ईओ मनीष राय को तत्काल हटाते हुए मई 2023 से अद्यतन तक इनके द्वारा कराए गए निर्माण कार्यों की टी.ए.सी. जांच कराए जाने की मांग की गयी।शिकायतों पर भाजपा विधायक अमरेश रावत के हस्तक्षेप पर शासन द्वारा आदेश संख्या 4348/9-1-24 दिनांक 20 दिसम्बर 2024 के द्वारा तत्काल प्रभाव से उन्हें हटाते हुए जनपद कानपुर देहात नगर पंचायत रनियां के लिए कार्यमुक्त कर दिया गया है।

अपने खोए हुए मोबाइल पाकर यात्रियों के चेहरों पर आई मुस्कान

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे उ0प्र0 लखनऊ के आदेश पर जीआरपी चारबाग ने गुमशुदा मोबाइल की बरामदगी के लिए विशेष अभियान चलाकर यात्रा के दौरान यात्रियों के खोए हुए 24 मोबाइल को बरामद कर मोबाइल स्वामियों को किया सुपुर्द। पुलिस उपाधीक्षक रेलवे हृषीकेश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे के निर्देश पर उन्नाव द्वारा गुमशुदा मोबाइल की बरामदगी के लिए विशेष अभियान चलाकर यात्रा के दौरान यात्रियों के खोए हुए 24 मोबाइल को बरामद कर मोबाइल स्वामियों को किया सुपुर्द जिसकी कीमत लगभग 320,000/रू0 है। मोबाइल स्वामी अपना खोया हुआ मोबाइल पाकर बहुत प्रसन्न हुए। यात्रियो व मोबाइल स्वामियों द्वारा जीआरपी पुलिस की भूरि-भूरि प्रसंशा की गयी ।

पत्नी की पिटाई कर रहे पति को प्रेमी ने लोहे की राड से पीट-पीट कर उतारा मौत के घाट

अमन लेखनी समाचार

मोह नलालगंज।मोह नलालगंज कोतवाली क्षेत्र के जबरौली गांव में रमेश शर्मा(52वर्ष) अपनी पत्नी रोशनी व बेटे अंश व दो मासूम बेटियो अंशिका व सिद्वी के साथ रहता था.वो मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था.ग्रामीणो ने बताया रमेश की पत्नी रोशनी का दो साल से दबंग किस्म के पड़ोसी सोनू से कथित अनैतिक सम्बंध थे,जिसका पति विरोध करता था,इसी बात को लेकर अक्सर रमेश का अपनी पत्नी से अक्सर झगड़ा होता था.एक सप्ताह पहले सोनू को ही लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया था जिसके बाद रोशनी बच्चो को पति के पास ही छोड़कर अपने मायके चली गयी थी,बीते शनिवार को ही वो अपने मायके से घर वापस आयी थी।ग्रामीणो ने बताया पति रमेश को जब सोनू के साथ मायके से पत्नी रोशनी के घर आने की बात पता चली तो वो आगबबूला हो गया ओर पत्नी से झगड़े के बाद सरेराह घर के बाहर डंडे से उसकी पिटाई शुरू कर दी.रोशनी की चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे सोनू ने लोहे की राड से रमेश के सिर में ताबड़तोड़ कई वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया।बेटे अंश की पिता को बचाने की पुकार सुनकर परिवार के लोगो समेत पड़ोसी मौके पर पहुंचे तो आरोपी सोनू उन्हे धमकाते हुये मौके से भाग निकला।जिसके बाद परिजन आनन-फा?नन पुलिस को सूचना देने के साथ ही खून से लतपथ रमेश को एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिये मोहनलालगंज सीएचसी लेकर पहुंचे,जहां इमरजेंसी में मौजूद डाक्टर ने मजदूर को मृत घोषित कर दिया।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक मजदूर के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पीएम के लिये भेजा।एसीपी रजनीश वर्मा व इंस्पेक्टर अमर सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।मृतक के बड़े भाई रामनरेश के द्वारा दी गयी तहरीर पर पुलिस ने हत्यारोपी सोनू रावत समेत उसके पिता सूर्जबली व मोहित विश्वकर्मा के विरूद्व हत्या की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर आरोपी सोनू को हिरासत में लेकर पुछताछ कर रही है।एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया मजदूर की हत्या की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेजने के बाद आरोपी सोनू की गिरफ्तारी के लिये पुलिस टीमो को लगाया गया था,घटना के चंद घंटो के अंदर ही हत्यारोपी सोनू को पुलिस टीमे हिरासत में लेकर पुछताछ कर रही है,पीड़ित बड़े भाई द्वारा दो अन्य को भी नामजद किया गया है जिनसे भी पुछताछ की जा रही है।मजदूर की हत्या की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुयी है जिसमें केवल आरोपी सोनू ही लोहे की राड से मजदूर की पिटाई करते दिख रहा है।गहनता से जांच के बाद नामजद अन्य दो आरोपियो की संलिप्ता सामने आने के बाद कार्यवाही की जायेगी।

नवनिर्वाचित विधायक का रालोद कार्यालय में हुआ भव्य स्वागत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।राष्ट्रीय लोकदल प्रदेश कार्यालय पर राष्ट्रीय लोकदल श्रम प्रकोष्ठ के तत्वाधान में पाल, बघेल एवं धनगर समाज द्वारा मीरापुर से नवनिर्वाचित विधायक मिथिलेष पाल का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वागत कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे उपस्थित थे तथा राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव रजनीकांत मिश्रा व प्रदेश प्रवक्ता अंकुर सक्सेना भी अतिथि के रूप में मौजूद रहे। श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेश पाल धनगर की अध्यक्षता एवं संचालन में उपस्थित लोगों ने नवनिर्वाचित विधायक श्रीमती मिथिलेष पाल का अंगवस्त्र, फूल माला, प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। स्वागत कार्यक्रम से अभिभूत विधायक मिथिलेश पाल ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल ने सदैव पिछड़े वर्गो को सम्मान देने का कार्य किया है। पूर्व में चौधरी अजित सिंह ने मुझे विधायक बनाकर पाल समाज का सम्मान बढ़ाया और वर्तमान में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चैधरी ने एक बार पुनः मुझे विधायक बनाकर पाल, धनगर एवं बघेल समाज का सम्मान बढ़ाया है जिससे मुझे विधानसभा में न केवल पिछडे वर्ग बल्कि आधी आबादी महिलाओं का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला जिसके लिए मैं सदैव राष्ट्रीय लोकदल एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जयन्त चौधरी की आभारी रहूंगी। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा कि विपक्षी दलों का पी0डी0ए0 फामूर्ला हवा हवाई है। समाज के प्रत्येक वर्ग के असली मसीहा भारत रत्न चौधरी चरण सिंह रहे हैं जिन्होंने समाज के दबे कुचले, किसान, मजदूर, अल्पसंख्यक, बुनकर सहित पिछड़ा एवं अति पिछड़ों, दलितों एवं महिलाओं के लिए बिना किसी भेदभाव के सड़क से लेकर संसद तक आजीवन संघर्ष किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष जयन्त चौधरी ने मिथिलेश पाल को विधायक बनाकर एक बार पुनः पाल, बघेल एवं धनगर समाज के प्रति सम्मान को प्रदर्षित किया है। राष्ट्रीय लोकदल श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेश पाल धनगर ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जयन्त चौधरी ने सदैव किसानों, मजदूरों तथा नौजवानों के हितों की रक्षा की है और आज भी केन्द्रीय मंत्री के रूप में युवाओं के रोजगार के लिए नए अवसरों को सृजित कर रहे हैं। स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कोषाध्यक्ष बी0एल0 प्रेमी, प्रदेश महासचिव रमावती तिवारी तथा प्रीति श्रीवास्तव, श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव रमेश कश्यप, पाल महासभा के अध्यक्ष ब्रह्म प्रकाश पाल तथा धनगर महासभा के अध्यक्ष जे0पी0 धनगर, राजेश कुमार श्रमिक, डॉ0 ओमप्रकाश, संदीप पाल, प्रीति पाल, जगजीवन राम पाल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर ओ0पी0 पाल के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने रालोद की सदस्यता ग्रहण की।

विराट कवि सम्मेलन में खूब लगे ठहाके, जमकर बजी तालियां

कवि सम्मेलन में क्षेत्रीय प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

द्वितीय विराट कवि सम्मेलन में शामिल लोग

लखनऊ। द्वितीय विराट कवि सम्मेलन में काव्य की सरिता बही। खासकर हास्य रस में गोते लगाकर लोग लोट-पोट हुए।कवियों-कवियत्रियों ने देर शाम तक समां बांधे रखा।

श्री महेश सिंह इंटर कॉलेज लतीफपुर माल में रविवार को सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर विराट कवि सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन प्रधान गीता सिंह व धर्मपाल सिंह ने संयुक्त रूप से किया। प्रत्येक जनपदों से आए मशहूर हास्य कवि व गीतकार प्रमोद पंकज, नीरज पांडे, साहित्य भूषण, कमलेश मौर्य, अजीत शुक्ल, चेतराम अज्ञानी, शिव किशोर तिवारी, अमित कैथवार, सौरभ शुक्ल, संदीप अनुरागी, पिंकी प्रजापति ने अपनी कविताओं से जमकर ठहाके लगवाए। रायबरेली के नीरज पांडेय ने तिरंगे की शान में कविता पढ़कर चेतना जगाई। हरदोई के अजीत शुक्ल ने सुन्दर मुक्तक सुनाए। सौरभ शुक्ल ने जबरदस्त समां बांधा। रामनगर के प्रमोद पंकज ने अपनी रचना से माहौल को खुशनुमा बनाया। बीकेटी के चेतराम अज्ञानी ने कहा कि फैसला जो कुछ भी हो, मंजूर होना चाहिए। जंग हो या इश्क हो, भरपूर होना चाहिए। कट चुकी है उम्र सारी, जिनकी पत्थर तोड़ते। अब तो इन हाथों में कोहिनूर होना चाहिए। हत अपनी जान के दुश्मन को जान कहते हैं। मोहब्बत की इस मिट्टी को हिन्दुस्तान कहते हैं। लोगों को उनकी कविताएं इतनी अच्छी लगी कि पीछे बैठे दर्शक कुर्सी से उठकर उमंग से उत्साहित हो गए। वहीं सीतापुर की पिंकी प्रजापति ने भ्रूण हत्या पर कविता सुनाकर खूब तालियां बटोरीं। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य (शिक्षक) उमेश द्विवेदी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से आपसी भाईचारे का पैगाम मिलता है। वहीं जिला सहकारी संघ अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह ने आयोजन की प्रशंसा की। ग्राम प्रधान गीता सिंह व कॉलेज के शिक्षकों ने गणमान्य व्यक्तियों को शाल ओढ़ाकर व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में माल प्रधान संघ अध्यक्ष संयोगिता सिंह चौहान, पूर्व ब्लाक प्रमुख अनिल सिंह चौहान, सभासद धर्मेंद्र सिंह, सभासद रशमी सिंह, छात्र नेता अभिनव तिवारी, युवा समाज सेवी भास्कर सिंह सहित आसपास क्षेत्र के तमाम शिक्षक व प्रबंधक कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा।

बाघ ने सांड पर हमला कर किया शिकार, दस गांवों में दहशत

वॉच टावर के माध्यम से हो रही बाघ की निगरानी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। जंगल में बाघ की वापसी के बाद निगरानी के लिए बनाए गए वाच टावर का निरीक्षण करने अपर मुख्य वन संरक्षक रेणु सिंह रविवार को संस्थान पहुंचीं। उन्होंने बाघ के सुरक्षित रेस्क्यू के लिए कर्मचारियों को निर्देश दिए।

विभाग लगातार जंगल सहित आसपास के क्षेत्रों में ड्रोन कैमरे से निगरानी कर रहा है। शनिवार देर रात मीठे नगर गांव के पास जंगल में बाघ ने विकलांग सांड़ पर हमला कर दिया जिससे सांड बुरी तरह से घायल हो गया। आशंका है कि बाघ ने शिकार किया है। वन विभाग ने अभी तक पुष्टि नहीं की है। वहीं सहिलामऊ मीठे नगर के आसपास बेहता नाला के किनारे बाघ के पगचिह्न मिले थे। बाघ आए करीब 20 दिन गुजर गए। ट्रैप कैमरे में बाघ नजर आया और पगचिह्निन मिले, लेकिन कॉम्बिंग करने वाली टीम की नजरों में कैद नहीं हुआ। आलम यह है कि रहमान खेड़ा समेत क्षेत्र के एक दर्जन गांवों में दहशत बरकरार है। प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों की संख्या दिन प्रतिदिन कम होती जा रही है। स्कूलों के गेट बंद करके पढ़ाई हो रही है। वहीं शाम होने के बाद ग्रामीणों को झुंड में निकलने की सलाह दी जा रही है।

रात के अंधेरे में बाघ निकलने की उम्मीद ज्यादा

लखनऊ डीएफओ डॉ. सितांशु पांडेय ने बताया कि वाच टावर के जरिए रात सात से नौ और सुबह चार से छह के बीच ट्रैंकुलाइजर एक्सपर्ट वन विभाग की टीम के साथ निगरानी कर रहे हैं। इसी बीच बाघ के चहलकदमी करने की ज्यादा संभावना रहती है। ऐसे में बाघ के संभावित स्थलों का निरीक्षण भी किया जा रहा है।

संक्षेप

पिता पुत्र पर युवक ने पुत्री को भगा ले जाने का लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने गांव की ही पिता पुत्र पर अपनी 17 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही शुरू की. कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 22 मार्च 2024 को सुबह लगभग 6 बजे जब वो पास के गांव में बाजार गया था और उसकी पत्नी पत्नी खेतो की ओर गई थी तभी गांव के अरुण पुत्र दिनेश ने मेरी 17 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया जिसमे युवक के पिता ने भी अपने पुत्र का पूरा सहयोग किया. पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही शुरू की. इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर किशोरी सहित आरोपी की तलाश शुरू कर की गई हैं।

चोरी करने आये चोर को ग्रामीणों ने पकड़ पुलिस को सौंपा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। थाना असोहा क्षेत्र के कालूखेड़ा निवासी संजय कुमार ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि मौरावां मोहनलालगंज मार्ग पर कस्बे में मेरी किराना की दुकान है , बीती रात लगभग डेढ़ बजे खटपट की आवाज सुन दुकान के बगल में रहने वालों ने हमको फोन किया हमने अपने बगल की दुकान मालिक बउवा गुप्ता व सुनील गुप्ता को फोन कर बताया तो वो लोग बगल की छत पर गए तो देखा मेरे दुकान की गैलरी का ताला टूटा मिला जब सभी लोग अंदर गए तो देखा की एक व्यक्ति लोगो को देख भागने का प्रयास किया पकड़े जाने पर उसने अपना नाम राजेश पुत्र बचु लाल निवासी सिवधार खेड़ा बताया जिसको हम लोगो ने स्थानीय पुलिस के सुपर्द कर दिया । थाना प्रभारी विमल कांत गोयल ने बताया कि पकड़े गए व्यक्ति का संगत धाराओं में चालन कर न्यायलय पेश किया गया जा रहा है ।

पुत्री को भगा ले जाने का युवक पर पिता ने लगाया आरोप

उन्नाव। थाना असोहा क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 16 दिसंबर को उसकी 17 वर्षीय बेटी घर से किसी काम से निकली थी ।काफी देर तक घर वापस ना आने पर खोजबीन की गई ।लेकिन कही कुछ पता नही चल सका है ।पीड़ित ने क्षेत्र के ही गांव जबरेला निवासी विवेक पर बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की बात कही है ।एसओ विमल कांत गोयल ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्जकर जांच की जा रही है।

शहीद जवान को मरणोपरांत मिला गैलेट्री अवॉर्ड

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 42वीं बटालियन के शहीद आरक्षी सामान्य विजय कुमार को उनके शौर्य और बलिदान के लिए मरणोपरांत भारत सरकार द्वारा गैलेंट्री अवार्ड से सम्मानित किया गया।यह सम्मान उन्हें एसएसबी के 61वें स्थापना दिवस के अवसर पर गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने दिया। विजय कुमार जम्मू और कश्मीर में आंतरिक सुरक्षा ड्यूटी के दौरान शहीद हुए थे।जानकारी के अनुसार, शहीद विजय कुमार एसएसबी की 42वीं वाहिनी में आरक्षी सामान्य पद पर तैनात थे। वह उन्नाव के बीघापुर इलाके के रावतपुर गांव के रहने वाले थे। साल 2018 के अक्टूबर महीने में वह एसएसबी 42 बटालियन में बहराइच में ड्यूटी पर मुस्तैद थे। इस दौरान उनकी पूरी बटालियन को जम्मू कश्मीर में बुला लिया गया था ।इस दौरान बटालियन की सुरक्षा करते हुए विजय कुमार शहीद हो गए थे। एक आतंकवादी की ओर से चलाई गई गोली उनके सिर में लगी थी। इससे वे शहीद हो गए थे। वे अपने माता-पिता के इकलौते बेटे थे। उन्होंने आतंकवादियों का डटकर मुकाबला किया था ।इस घटना से डेढ़ साल पहले ही उनकी शादी हुई थी। वह दीपावली पर घर आने वाले थे। इस बीच उनकी शहादत की खबर घर पहुंचने से चीख-पुकार मच गई थी। मौजूदा समय में उनकी पत्नी प्रतिभा कुमारी सरोसी के ब्लॉक सिकंदरपुर में कनिष्ठ सहायक के रूप में कार्यरत है ।उनका बलिदान देश की सुरक्षा में किए गए अतुलनीय योगदान को दर्शाता है। वह 42वीं बटालियन के सदस्य थे और अपनी पोस्ट ड्यूटी के दौरान जम्मू और कश्मीर के संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात थे। जब वे अपनी ड्यूटी पर थे, तब उग्रवादियों ने उन पर हमला किया और उनकी सिर में गोली लगने के कारण उनकी शहादत हो गई ।विजय कुमार की वीरता और शहादत को न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे देश ने सम्मानित किया है। मरणोपरांत उन्हें गैलंट्री अवार्ड से नवाजा गया, जो उनके शौर्य और वीरता को मान्यता देने के रूप में महत्वपूर्ण कदम है। इस अवार्ड को उनकी पत्नी प्रतिभा कुमारी को सौंपा गया, जो इस समय अत्यधिक दुख और गर्व के बीच खड़ी थीं। यह सम्मान उन्हें एसएसबी के 61वें स्थापना दिवस परेड के दौरान गृह मंत्री अमित शाह द्वारा प्रदान किया गया ।विजय कुमार के परिवार में उनकी पत्नी प्रतिभा कुमारी के अलावा 6 साल की बेटी विप्रा भी है। विप्रा लखनऊ पब्लिक स्कूल में किंडरगार्टन की छात्रा है। इस छोटी सी उम्र में विप्रा ने अपने पिता के बलिदान को महसूस किया है और उसकी वीरता की कहानी हमेशा उसे प्रेरित करेगी। शहीद की पत्नी प्रतिभा कुमारी ने कहा कि उनका परिवार विजय कुमार की शहादत को गर्व के साथ निभाएगा और देश की सेवा में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा ।सशस्त्र सीमा बल के उप कमांडेंट (प्रचालन) दिलीप कुमार ने भी इस अवसर पर शहीदों की वीरता और उनके अद्वितीय साहस की सराहना की और कहा कि एसएसबी हमेशा अपने शहीद जवानों की शहादत को गर्व और सम्मान के साथ याद करेगा।

अति पिछड़ा मुस्लिम जोगी समाज की हुई बैठक

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के मोहल्ला गुलाम मुस्तफा (गोल कुआं) में अति पिछड़ा मुस्लिम जोगी समाज की एक बैठक हुई। जिसमें इस समाज के पिछड़ेपन को दूर करने, शिक्षा पर विशेष जोर देने के साथ ही इस समाज को भी देश की मुख्य धारा से जोड़ने पर विचार विमर्श किया गया। अति पिछड़ा मुस्लिम जोगी समाज की बैठक को संबोधित करते हुए युवा नेता व समाजसेवी फजलुर्रहमान ने कहा कि हमारा समाज आर्थिक, सामाजिक, व राजनीतिक स्तर पर काफी पिछड़ा है। उत्तर प्रदेश सहित देश भर में काफी बड़ी तादाद में इस समाज के लोग रहते हैं। लेकिन इस समाज में शिक्षा व एकता की कमी के कारण यह आज भी भारी उपेक्षा का शिकार है। उन्होंने सरकार से इस समाज के पिछड़ेपन को दूर कर देश की मुख्य धारा से जोड़ने की मांग की। छपरौली बागपत से आए जोगी समाज के नेता नसीरुद्दीन उस्मानी ने कहा कि आज हर समाज व बिरादरी के लोग तरक्की कर रहे हैं लेकिन मुस्लिम जोगी समाज आज भी बद से बदतर स्थिति में है। उन्होंने इस समाज को जगाने व जागरूक करने के लिए अपने विचार रखे। बुजुर्ग नेता व समाजसेवी हबीबुलरहमान बाबूजी ने अपने संबोधन में एक नारा दिया कि ₹आधी रोटी खाओ-बच्चों को जरूर पढ़ाओ₹। उन्होंने कहा कि बिना शिक्षा के इस समाज का भला होने वाला नहीं है। उन्होंने शिक्षा के साथ ही सामाजिक स्तर को भी सुधारे जाने पर विशेष जोर दिया। और जोगी समाज का भी एक टाइटल (उपनाम) सर्वसम्मत से रखें जाने की बात रखी। इस मौके पर शब्बीर बाबू, अब्दुल कादिर कव्वाल, इसाक, कय्यूम, मुनीर अहमद, आशिक अली, चांद अली, रियासत अली मुल्लाजी, नफीसुल, सरताज अली, जान मोहम्मद, मोहम्मद इशाक आदि लोग मौजूद रहे।

धूम धाम से मनाई जाएगी 105 वी जयंती

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर अन्तर्गत टेढ़ा गाँव मे महाबीर प्रसाद विद्यार्थी की 105 वी जयन्ती समारोह आज बड़ी धूमधाम से मनाई जाएगी। यह जयंती महाबीर प्रसाद विद्यार्थी साहित्य सेवा संस्थान द्वारा हर वर्ष मनायी जाती है ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डी.ए.वी. कालेज, कानपुर के प्रोफेसर राजेश तिवारी को शामिल किया गया है ।जयंती समारोह के अवसर देश प्रदेश के मशहूर वाणीपुत्रो में गजल गीतकार शिवशरण 'बन्धु' हथगामी फतेहपुर , गजल गायक डॉ. अनूप कटियार 'प्रिय' कानपुर व गीतकार पवन प्रगीत हरदोई के साथ स्थानीय वाणीपुत्र भी मंच की शोभा बढ़ाएंगे। इस मौके पर स्मृतिशेष डॉ. ब्रह्मदत्त वर्मा के प्रकाशित शोध प्रबंध का लोकार्पण के साथ विद्यार्थी जी जयन्ती स्मारिका का लोकार्पण व कीर्तिशेष कवि दिनेश उन्नावी स्मृति सम्मान आई.ए.एस. परीक्षाओं में चयनित जनपद की मेधावी प्रतिभाओं के साथ अन्य परीक्षाओं के मेधावियो को दिया जाएगा। कार्यक्रम का स्थलविद्यार्थी प्रतिमा स्थल, हरदेव रिसॉर्ट टेढ़ा रखा गया है।।

सर्दी का असर सुबह शाम घने कोहरे का प्रकोप

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।दिसंबर माह की शुरूआत के साथ ही सर्दी ने अपना असर बढ़ा दिया है। जिले के अधिकांश हिस्सों में सुबह और शाम के समय घना कोहरा छा गया, जिससे ठंडक और भी बढ़ गई। कोहरे की धुंध ने मौसम को कड़ाके की सर्दी में बदल दिया और सड़क परिवहन को भी प्रभावित किया। एक दिन पहले दिन का तापमान सामान्य से कम जरूर था, लेकिन सुबह का न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच गया, जिससे सर्दी में और इजाफा हुआ ।रविवार सुबह से ही शहर में कोहरा छाया हुआ था, जिससे लोग खासे परेशान नजर आए। कोहरे के कारण सड़क पर दृश्यता बहुत कम हो गई, जिससे वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई। प्रमुख मार्गों जैसे फोरलेन, नवीन पुल, आजाद मार्ग और हाइवे पर वाहन चालकों को अपनी लाइटें जलाकर गाड़ी चलानी पड़ी ।कोहरे के कारण सड़क हादसों का खतरा भी बढ़ गया, क्योंकि लाइट जलाने के बावजूद दृश्यता में कमी बनी रही। इस दौरान वाहन चालक और पैदल चलने वाले लोग ज्यादा सतर्क रहे, ताकि किसी दुर्घटना से बचा जा सके ।सर्दी बढ़ने के साथ ही लोग गर्म कपड़ों में लिपटे हुए नजर आने लगे हैं। ऊनी कपड़े, स्वेटर, रजाई और गद्दे के लिए लोग दुकानों पर जा रहे हैं। खासकर सुबह और शाम के समय ठंड अधिक महसूस हो रही है, जिससे लोग सर्दी से बचने के लिए घरों में ज्यादा वक्त बिता रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि सर्दी-खांसी, बुखार और गले की समस्याएं इस मौसम में आम हो सकती हैं। बुजुर्गों और बच्चों के लिए यह मौसम चुनौतीपूर्ण हो सकता है, इसलिए स्वास्थ्य का ध्यान रखना बेहद जरूरी है ।मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में और अधिक सर्दी पड़ने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटों में और भी कोहरा पड़ सकता है और तापमान में गिरावट जारी रह सकती है ।इसके साथ ही ठंडी हवाओं का सिलसिला भी जारी रहेगा, जो 8 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हैं। विभाग ने सड़क पर वाहन चलाने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

पति-पत्नी के 18 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर साथ रहने को हुए राजी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। दीपक भूकर पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन वामा सारथी की अध्यक्षता में रिजर्व पुलिस लाइन एवं विभिन्न थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त परिवार परामर्श केन्द्र से 08 व महिला थाना से 07, थाना औरास, थाना माखी , थाना बांगरमऊ से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया।

उपरोक्त पुनीत कार्य में डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति एवं सलाहकारों में संजय चौरसिया, डॉ0 एस के पाण्डेय, डॉ0 शशी रंजना अग्निहोत्री, अवसार अली, डॉ0 सगीर अहमद, डॉ0 मनीष सेंगर, शिल्पी श्रीवास्तव, डॉ0 राजेन्द्र सिंह सेंगर, प्रभा यादव, शबिहाउमर, तबस्सुम नफीस एवं सहयोगी अंकित सिंह, स्वास्तिक मिश्रा शिवेन्द्र चौहान व पुलिस टीम से प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमारी, महिला थानाध्यक्ष अर्चना, महिला उप निरीक्षक श्रीमती भागीरथी अशूं रानी, साधना, मीनू सोलंकी, लक्ष्मी आंचल त्यागी, प्राची, सोनिया का विशेष योगदान रहा।

रिश्तेदार के घर जा रहे बाइक सवारों की हुई मौत, ट्रक ने मारी टक्कर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के दोस्ती नगर में हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा रविवार को उस वक्त हुआ जब तीन युवक एक ही बाइक पर सवार होकर माखी थाना क्षेत्र में अपने रिश्तेदारों के घर जा रहे थे। पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। बता दें कि गंगा घाट कोतवाली क्षेत्र के बंदी पुरवा गांव निवासी रामकुमार (25), अचलगंज थाना क्षेत्र के विकास (24), और बीघापुर थाना क्षेत्र के शिवम (22) एक ही बाइक पर सवार होकर माखी थाना गांव जा रहे थे। दोस्ती नगर के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में रामकुमार और विकास की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शिवम गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। तीनों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने रामकुमार और विकास को मृत घोषित कर दिया। शिवम का इलाज शुरू कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजन जिला अस्पताल पहुंचे। अपने बेटों के शव देखकर परिजन बिलख उठे। स्थानीय लोगों का कहना है कि हादसे का कारण तेज रफ्तार ट्रक था, जो ओवरलोडेड भी हो सकता है। इस क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही आम बात हो गई है, जिससे सड़क हादसे बढ़ते जा रहे हैं।

उमरा यात्रा के लिए मक्का मदीना जाने वालों को माला पहनाकर इस्तकबाल किया

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। उमरा के मुकद्दस सफर पर जाने वाले इस्लाम धर्म के पवित्र तीर्थ मक्का मदीना की उमरा यात्रा के लिए लोग लगातार प्रस्थान कर रहे हैं। जनपद की नगर पंचायत रसूलाबाद के पूर्व अध्यक्ष व मौजूदा प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी व उनके बड़े भाई समाजसेवी मोहम्मद मूसा अंसारी शनिवार की देर रात को उमरा के लिए मक्का मदीना रवाना हुए। इस मौके पर उन्हें विदाई देने के लिए मुस्लिम समाज के लोगों की भीड़ लगी रही। उन्होंने फूलों की माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर उन्हें उमरा यात्रा के लिए रवाना किया। उमरा की मुकद्दस यात्रा पर जाने वाले नईमुद्दीन अंसारी व उनके बड़े भाई मोहम्मद मूसा अंसारी को विदा करने आए नगर पालिका परिषद बांगरमऊ के पूर्व अध्यक्ष व प्रमुख समाजसेवी इजहार खां गुड्डू ने उन्हें फूल मालाएं पहनाकर मुबारकबाद दी। इस मौके पर नईमुद्दीन अंसारी ने कहा कि यह मेरी खुशनसीबी है कि अल्लाह और उसके रसूल ने मुझे उमरा के लिए बुलाया है। बस जल्द ही मक्का मदीना शरीफ पहुंचने की तमन्ना है। वहां इबादत कर मुल्क, समाज व परिवार के लिए खूब दुआएं माँगनी है। इस मौके पर इजहार खां गुड्डू, समाजसेवी फजलुर्रहमान, रिफाकत अली, शीबू पत्रकार, अजीजुद्दीन अंसारी, मोइनुद्दीन खान, शमसुद्दीन खान, नौशाद खान, सोहेल खान, मोहम्मद इरफान अंसारी, मोहम्मद आरिफ सिद्दीकी, मारूफ खान, रशीद खान, हाशिम खान, इशरत अली, मोहम्मद आरिफ मंसूरी, मोहम्मद इस्माइल अंसारी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

अजगर निकलने से ग्रामीणों में मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। औरास थाना क्षेत्र के अंतर्गत शिवाला गांव में ग्रामीणों ने अजगर को देखा वहीं स्थानीय निवासियों में खलबली मच गई ग्रामीणों ने सूचना पुलिस को दी प्राप्त जानकारी के अनुसार औरास थाना क्षेत्र के अंतर्गत शिवाला गांव में दोपहर में अजगर देखा गया वहीं ग्रामीणों में हड़कंप मच गया वहीं ग्रामीणों ने सूचना पुलिस को दी पुलिस मौके पर पहुंची और सूचना वन विभाग को दी गई वहीं सूचना पर वन विभाग की टीम शिवाला गांव पहुंची और अजगर को पकड़ कर हाजीपुर गोसा के जंगलों में छोड़ दिया गया है इस संबंध में जब क्षेत्रीय वन अधिकारी राजवीर सिंह सेंगर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सूचना पर टीम को मौके पर भेजा गया था अजगर को पकड़कर जंगल में छुड़वा दिया गया है।

जन्म दिवस पर गरीब , बेसहारा लोगों को बांटे कम्बल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। विकास खंड असोहा क्षेत्र के कस्बा कालूखेड़ा निवासी वरिष्ठ पत्रकार शीतल प्रसाद वर्मा ने अपनी नातिन प्रिशा के पांचवे जन्म दिवस के उपलच्छ पर छेत्र के लगभग तीन सैकड़ा निर्धन ,बेसहारा ,व्रद्ध महिला पुरूषों के बीच पहुंच कम्बल वितरित किये इस कड़कड़ाती सर्दी में कम्बल पाकर असहाय लोगो के चेहरे खिल गए , बच्ची प्रिशा को आश्रीवाद देते हुए व्रद्ध ,असहाय ,गरीब थकते नजर नही आये ।सीतल प्रसाद वर्मा ने बताया कि नातिन प्रिशा के प्रथम जन्मदिवस पर हमने सोंचा की समाज के गरीब , असहाय लोगो के लिये करे हम वर्ष में दो बार इस तरह के आयोजन कर इन गरीब ,असहाय , व्रद्ध लोगो के साथ हम भी खुशी मना लेते है ।

मिला टी बी चैंपियन का संग हम जीत लेंगे टी बी बीमारी से जंग

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर, उन्नाव पर वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर्स के डिसटिक लीड अश्वनी मिश्रा एवं कम्युनिटी कोऑर्डिनेटर विनोद कुमार सिंह के द्वारा एक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें अधीक्षक सर डॉक्टर राजेश कुमार वर्मा एवं वरिष्ठ उपचार प्रवेक्षक अमित सिंह जी का पूर्ण सहयोग प्रदान हुआ इस प्रशिक्षण में टी बी चैंपियन को प्रशिक्षण दिया गया जो की अपने-अपने आयुष्मान आरोग्य मंदिर के एरिया में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के सहयोग से विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से समुदाय को टी बी के प्रति जागरूक करने का कार्य करेंगे समुदाय में बैठक स्कूलों में बच्चों एवं अध्यापकों को टी बी के विषय में विस्तृत पूर्वक जानकारी दी जाएगी टीवी के मरीजों को अपनी कहानी बताकर उनको हिम्मत देंगे और उनका इलाज पूरा कराएंगे टी बी चैंपियन वह लोग हैं जो टी बी की बीमारी से ठीक हो चुके हैं उन्हें में से कुछ लोगों को टी बी चैंपियन की भूमिका दी गई है..

जमीनी विवाद को लेकर दबंगो ने घर में घुसकर की मारपीट

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के लालगंज द्वतीय गांव में जमीनी विवाद को लेकर विशेष वर्ग के दबंगों ने एक युवक के घर में घुसकर जमकर मारपीट की। मारपीट के दौरान लाठी-डंडे और ईंट-पत्थरों का इस्तेमाल किया गया, जिससे घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। इस घटनाक्रम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिसके बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया है ।घटना के बारे में जानकारी मिलने के बाद बीघापुर कोतवाली की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार, यह विवाद एक जमीन पर कब्जे को लेकर हुआ था। पीड़ित युवक ने बताया कि वह अपनी जमीन पर अपना हक कायम रखने के लिए संघर्ष कर रहा था, लेकिन कुछ दबंगों ने उस पर दबाव डालकर जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की। जब युवक ने इसका विरोध किया, तो दबंगों ने घर में घुसकर उसे पीटा और घर में मौजूद अन्य लोगों को भी घायल कर दिया ।मारपीट के दौरान, आरोपियों ने घर के अंदर घुसकर लाठी-डंडों से युवक और उसके परिवार के सदस्यों की बेरहमी से पिटाई की। इसके अलावा, आरोपियों ने ईंट-पत्थर भी फेंके, जिससे कुछ लोग मामूली रूप से घायल हो गए। आरोपियों ने युवक को गंभीर रूप से चोट पहुंचाई और उसके घर के सामान को भी नुकसान पहुंचाया ।पीड़ित युवक ने बताया कि उसने पहले भी कई बार पुलिस से मदद मांगी थी, लेकिन दबंगों के प्रभाव के कारण उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। अब वह न्याय के लिए पुलिस से उम्मीद कर रहा है। बीघापुर पुलिस स्टेशन के एसओ राजपाल ने कहा कि वीडियो वायरल होने के बाद मारपीट की सूचना प्राप्त हुई है और आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

डिवाइडर से टकरा कर पलटी बाइक, सवार घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर बाइक डिवाइडर से टकराकर पलट गई, बाइक सवार युवक गिरकर घायल हो गया, यूपीडा कर्मी उसे सीएचसी लेगए, चिकित्सको ने रेफर कर दिया ।हॉउस नम्बर 325 ग्राम वरदा थाना मोहन जनपद आजमगढ़ निवासी प्रवीण पुत्र सम्भू शर्मा (37) बदरपुर बार्डर दिल्ली से हेलमेट लगाकर बाइक द्वारा लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे के रास्ते से दिल्ली से बनारस जा रहा था रविवार भोर पहर औरास थाना क्षेत्र के बड़ादेव गाँव के पास पेट्रोल पम्प के सामने पहुच ही था कि बाइक सवार को झपकी आ गयी बाइक डिवाइडर से टकराकर अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें वह घायल हो गया। यूपीडा कर्मी उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास लेकर गए चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल उन्नाव रेफर कर दिया।

अवैध शराब की भट्ठियां व भारी मात्रा में लहन किया गया नष्ट

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बिहार पुलिस और आबकारी विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध कच्ची शराब की भट्ठियां नष्ट कीं और 3 कुंतल लहन को मौके पर नष्ट कर दिया। यह कार्रवाई एसपी के कुशल निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी व क्षेत्राधिकारी बीघापुर के निगरानी में की गई ।थाना प्रभारी बिहार सुरेश चंद्र मिश्र और आबकारी निरीक्षक प्रतिभा सिंह के नेतृत्व में चलाया गया। टीम ने ग्राम केदारखेड़ा में अवैध शराब के निर्माण की सूचना मिलने के बाद वहां गहनता से तलाशी ली। पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर अवैध शराब बनाने की भट्ठियां और भारी मात्रा में लहन मिले। कार्रवाई करते हुए टीम ने इन भट्ठियों को नष्ट कर दिया और लगभग 3 कुंतल लहन को भी नष्ट कर दिया ।थाना प्रभारी सुरेश चंद्र मिश्र ने बताया कि इस कार्रवाई में सभी टीमों ने मिलकर एक साथ काम किया और अवैध शराब के कारोबार को नष्ट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि अवैध शराब की भट्ठियों को नष्ट करने के साथ-साथ उनके साथ जुड़े अन्य आपराधिक तत्वों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी ।आबकारी निरीक्षक प्रतिभा सिंह ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ यह अभियान लगातार चलाया जाएगा। वे कहती हैं कि अवैध शराब के कारोबार को जड़ से समाप्त करना हमारी प्राथमिकता है, ताकि इस तरह के अपराधों पर काबू पाया जा सके और ग्रामीण इलाकों में शराब के कारण होने वाली दुर्घटनाओं और अपराधों को रोका जा सके ।पुलिस विभाग और आबकारी विभाग के इस संयुक्त प्रयास से यह संदेश भी दिया गया है कि अब किसी भी अवैध शराब के कारोबार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

तुलसी पूजन दिवस यात्रा में सम्मिलित होने की अपील

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पिछले 15 दिनों से नर सेवा नारायण सेवा समिति उन्नाव के संस्थापक विमल द्विवेदी के नेतृत्व में संस्था के पदाधिकारी नगर के अलग अलग मोहल्लों और स्कूलों में जाकर तुलसी पूजन दिवस का आमंत्रण पत्र और तुलसी का पौधा भेंटकर लोगो को यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रहे। इसी क्रम में विमल द्विवेदी की अगुवाई में आज गाँधी नगर तिराहे से आवास विकास तक व्यापारियों व आमंजनमानस से जनसंपर्क किया गया । विमल द्विवेदी ने मीडिया से बातचीत में कहा 2017 से नर सेवा नारायण सेवा समिति के तत्वाधान में विशाल तुलसी पूजन दिवस यात्रा प्रतिवर्ष निकाली जाती हैं और हजारों की संख्या में आमजन इस यात्रा से प्रतिवर्ष जुड़ते हैं, इस वर्ष की यात्रा भी नियत तिथि 25 दिसंबर को प्रस्तावित है इसी के चलते हम घर घर जाकर जनसंपर्क कर रहे हैं और लोगो से अपील कर रहे अपनी संस्कृति से जुड़िये ये हमारा सौभाग्य है कि दुनिया की सबसे प्राचीन सभ्यता को हमारे पूर्वजों ने हजारों वर्षों की विपरीत परिस्थितियों में भी अक्षुण्ण बनाये रखा ।जनसम्पर्क करने वालो में हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी ,राकेश राजपूत ,योगेंद्र तिवारी ,विष्णु गुप्ता ,धर्मेंद्र शुक्ल ,मनीष अवस्थी ,केतन अवस्थी ,सुनील भदौरिया ,आचार्य वासू ,परिमल मिश्रा ,शिवम आजाद ,अभिषेक तिवारी ,दिलीप तिवारी सहित आधा सैकड़ा लोगो ने आमजनमानस से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की

संदिग्ध परिस्थितियों में बंद कमरे में निजी स्कूल के शिक्षक का अधजला मिला शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। औरास थाना क्षेत्र के एक निजी स्कूल में कार्यरत अध्यापक का बंद कमरे में जला हुआ शव बरामद सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बाहर निकलवा कर जांच पड़ताल कर रही है घटना स्थल पर पहुँची पुलिस व फारेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की औरास थाना क्षेत्र के भुडकुंडी गांव के चौराहे के स्थित कुंवर आदर्श सिंह शिक्षण संस्थान में हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के निंदेमऊ गांव निवासी 65 वर्षीय रामू उर्फ राम जी शुक्ला पुत्र प्रताप नारायण शुक्ला विद्यालय के ही कमरे में अकेले रहते थे। स्थानीय लोगों की माने तो वह विद्यालय में शनिवार को बंद होने के पश्चात अपने कमरे में सोने गये थे। प्रबंधक ने रविवार को फोन मिलाया फोन न उठने पर वह मौके पर लोहे का दरवाजा अंदर से बंद मिला, अनहोनी की आशंका पर अंदर अधजला शव होने की सूचना पर पहुंची पुलिस शव बाहर निकाल कर मामले की जांच पड़ताल की सूचना पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने मौत का कारण जानने के लिए जांच पड़ताल की है ।स्थानीय लोगों में सिलेंडर फटने से मौत होने की चर्चा है वहीं औरास पुलिस द्वारा बिस्तर के पास जल रही आग की चपेट में आने की वजह से अध्यापक की मौत का कारण बताया जा रहा है।।थाना प्रभारी अश्वनी कुमार मिश्र ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के भेजा गया है।

सम्पादकीय

संसद लोकतंत्र का मंदिर, यह धक्का-मुक्की का स्थान नहीं

संसद लोकतंत्र का मंदिर है। यह राजनीतिक कलह का मंच नहीं है, लेकिन लंबे समय से जिस तरह संसद की मर्यादा का जबरदस्त ह्रास हो रहा है, यह न केवल लोकतंत्र बल्कि पूरे देश के लिए चिंता का विषय है। देश के 97 करोड़ मतदाता सांसदों को चुनकर संसद में इसलिए भेजते हैं कि वे देश की समस्याओं, विकास और युवा पीढ़ी के सपनों को साकार करने के लिए चर्चा करें और देश को आगे बढ़ाएं। लेकिन संसद में जो हो रहा है वो देश को चिंता में डालने वाला है। युवा के सपने साकार करने के बजाए सांसद सदन में धक्का-मुक्की कर रहे हैं। बात केवल सत्ता पक्ष या फिर विपक्ष की नहीं है। यह मंच हर देशवासी का है। गुरुवार को संसद में जो हुआ उससे पूरा देश शर्मसार है। संसद परिसर में धक्का-मुक्की के दौरान ओडिशा के बालासोर से सांसद प्रताप सारंगी चोटिल हो गए। सारंगी ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने एक सांसद को धक्का दिया, जो उनके ऊपर गिरा। सारंगी जब मीडिया के सामने आए, तब उनके सिर से खून निकल रहा था। सारंगी के अलावा फर्रुखाबाद के भाजपा सांसद मुकेश राजपूत को भी चोट आई है। दोनों को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर और बांसुरी स्वराज ने राहुल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। धक्का-मुक्की को लेकर कांग्रेस और भाजपा दोनों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कांग्रेस मुख्यालय में राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हम शांति से प्रदर्शन करने आए थे, लेकिन भाजपा ने मसल पावर दिखाई। ये उनका अडाणी जैसे जरूरी मुद्दों से ध्यान भटकाने का तरीका है। वहीं, भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि अगर खड़गे-राहुल को माफी नहीं मांगनी थी तो प्रेस कॉन्फ्रेंस क्यों की। उनका अहंकार झलक रहा है। आज जो संसद में हुआ उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। कांग्रेस ने गुंडे-पहलवान संसद में भेजे हैं। बात यह नहीं है कि कसूर सत्ता पक्ष का है या विपक्ष का। संसद सदस्यों पर विधि निर्माण और संविधान संशोधन की जिम्मेदारी है। आश्चर्य है कि अनेक सदस्य कार्यवाही में बाधा डालते हैं। नियमावली की भी उपेक्षा करते हैं। इससे आहत पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी ने सदन की नियमावली को ही जला देने की बात कही थी। विधायी संस्थाओं में विधि और नियम का उल्लंघन साधारण घटना नहीं है। सदनों में कार्यवाही की गुणवत्ता की चिंता पुरानी है और इसमें कोई सुधार होने की बजाए हर सत्र के बाद यह गंभीर होती जा रही है। एक समय था जब विपक्ष और सत्ता पक्ष दोनों ही कार्यवाही की पवित्रता के प्रति सजग थे। हमेशा सदन की मर्यादा का ध्यान रखा जाता था। शोर-शराबा और हंगामा विपक्ष का काम नहीं है। राहुल गांधी को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के वक्तव्य पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने लोकसभा के एक प्रकाशन की भूमिका में लिखा है, संसद में अनुशासनहीनता और अव्यवस्था से मर्यादा क्षीण होती है। नागरिकों में लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति सम्मान का भाव होना चाहिए, लेकिन हो रहा है बिलकुल इसके विपरीत। बहुत जरूरी है कि संसद के सभी दलों के संसदीय पदाधिकारी परस्पर संवाद बनाएं। संसद में मर्यादा बनाए रखने के विषय पर संसद का विशेष सत्र बुलाने पर विचार करें। पवित्र सदन में संवाद के स्थान पर अव्यवस्था उचित नहीं। इससे न केवल हर देशवासी आहत होता है बल्कि पूरे दुनिया में सबसे बड़े लोकतंत्र की पवित्रतता पर भी आंच आती है। इस पर सभी दलों को गंभीरता से विचार करना चाहिए।

कृतज्ञता की भी होती है एक सीमा

विश्लेषण
शशि शेखर

> बाबा साहेब ने कहा था 'हम भारतीयों को एक महान व्यक्ति के पैरों में अपनी स्वतंत्रता गिरवी नहीं रखनी चाहिए और तमाम शक्तियों से लैस उस महान व्यक्ति पर भी ज्यादा विश्वास नहीं करना चाहिए, जिससे कि वह हमारी संस्थाओं का नाश करने में सक्षम हो जाए। इसमें कुछ भी गलत नहीं है कि हम उन लोगों के प्रति आभारी बनें, जिन्होंने देश के लिए जीवन भर सेवाएं दीं, लेकिन कृतज्ञता की भी एक सीमा होनी चाहिए। भक्ति (किसी व्यक्ति की) या नायक पूजा लोकतंत्र के क्षरण और संभावित तानाशाही के लिए एक मार्ग प्रशस्त करती है।' इस उक्ति को मैं इंदिरा गांधी से लेकर मौजूदा प्रधानमंत्री तक के संदर्भ में देखता हूं।

अमित शाह के बयान को बाबा साहेब के संविधान सभा में दिए अंतिम भाषण के सन्दर्भ में देखना काफी दिलचस्प होगा। अमित शाह की यह एक खूबी राजनीति में रेयर है, पॉलिटिकल करेक्ट न हो तब भी वो बात कहने की ताकत। बाबा साहेब ने संविधान सभा के अपने अंतिम भाषण में तीन महत्वपूर्ण बातें कही थी। ये बातें नहीं चेतावनी थी। भारत के हर नागरिक को इसे ताबीज बना कर अपने गले से लटका कर चलना चाहिए, क्योंकि ये तीन चेतावनियां ही किसी को भी एक लोकतांत्रिक राष्ट्र का सशक्त नागरिक होने का एहसास कराती हैं।

बाबा साहेब ने जॉन स्टुअर्ट मिल को कोट करते हुए कहा था 'हम भारतीयों को एक महान व्यक्ति के पैरों में अपनी स्वतंत्रता गिरवी नहीं रखनी चाहिए और तमाम शक्तियों से लैस उस महान व्यक्ति पर भी ज्यादा विश्वास नहीं करना चाहिए, जिससे कि वह हमारी संस्थाओं का नाश करने में सक्षम हो जाए। इसमें कुछ भी गलत नहीं है कि हम उन लोगों के प्रति आभारी बनें, जिन्होंने देश के लिए जीवन भर सेवाएं दीं, लेकिन कृतज्ञता की भी एक सीमा होनी चाहिए। भक्ति (किसी व्यक्ति की) या नायक पूजा लोकतंत्र के क्षरण और संभावित तानाशाही के लिए एक मार्ग प्रशस्त करती है।' इस उक्ति को मैं इंदिरा गांधी से लेकर मौजूदा प्रधानमंत्री तक के संदर्भ में देखता हूं। कदाचित, मैं अमित शाह की तारीफ़ नहीं करता। लेकिन, कल-परसों जब बाबा साहेब वाली टिप्पणी उन्होंने की, तो मुझे लगा कि यह शख्स इतना अबूझ भी नहीं की राजनीतिक रूप से इतना खतरनाक बयान दे । यह शायद इस व्यक्ति की मूलवृति है कि सच बोल दो, भले नुकसान हो जाए। वैसे भी जो अपने घर से निकाला जा चुका हो, उसे और अधिक भय क्या होगा?

गांधी जी के चतुर बनिए बयान से बाबा साहेब पर ताजा बयान तक, अमित शाह का बयान मैं सिर्फ और सिर्फ उपरोक्त कोट (बाबा साहेब के भाषण) के सन्दर्भ में ही देखना चाहता हूं। और तमाम बाबा साहेब में आस्था रखने वालों से पूछना चाहता हूं कि आप बाबा साहेब को कितना जानते हैं, कितना अपधाते हैं और क्या आपने सिर्फ इसी एक भाषण के अंश को पढ़ा और समझा है, जिसमें बाबा साहेब खुद व्यक्ति पूजा, नायक पूजा को लोकतंत्र के लिए खतरा बताते हैं। आप बाबा साहेब के निर्देश (पढ़ो-लिखो, ताकतवर बनो) पर कितना अमल करते हैं। आपके लिए नायक प्रोफ़ेसर रतन लाल होने चाहिए, जिन्होंने पढ़ लिखकर अपने समाज के लिए मिसाल पेश की या कोई टुच्चा नेता, जिसकी भाषा में भी बाबा साहेब की शाब्दिक गरिमा तक नहीं झलकती? या आपको मैनिपुलेट करने वाला एक टुच्चा टाइप पूर्व पत्रकार जो आजकल सरकार की नायक और व्यक्ति पूजा में लीन है? मैं बस इन चंद सरल सवालों तक ही रुक जाता हूं। क्योंकि मेरे कठिन प्रश्न अलबत्ता आपको समझ नहीं आएंगे, आ भी गए तो जवाब आप दे नहीं पाएंगे। ऐसे में अमित शाह ने बिलकुल सही कहा कि आप किसी व्यक्ति को फैशनेबल बना कर अपने समाज या राष्ट्र का भला नहीं कर सकते।

जैसे, वीर सावरकर या दीनदयाल उपाध्याय का नाम

लेते रहने से हिन्दुओं का कोई भला नहीं होने वाला है। क्योंकि मैं तमाम भाजपा समर्थकों से सिर्फ इतना पूछ लूं कि दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद का सर्पिल संरेखण (स्पाइरल स्ट्रक्चर) का अर्थ क्या है, तो मुंह बा देंगे। इसलिए, मुझे लगता है कि पॉपुलर परसेप्शन से दूर जाकर खतरनाक सच बोलने के लिए बहुत हिम्मत चाहिए। यह हिम्मत मैं राहुल गांधी में भी कई बार देखता हूँ, लेकिन मनुस्मृति बिना पढ़े उस पर टिप्पणी करके वे कभी-कभी लड़खड़ा जाते हैं। ऐसे में अमित शाह का बयान राजनीतिक रूप से भले करेक्ट न हो, व्यवहार्य में एकदम सटीक है। आप माने ना माने। हिन्दुस्तान के दलित विमर्श में या अन्य ऐसे किसी भी ऐसे विमर्श को लेकर एक बड़ी दुविधाजनक स्थिति है। दलित साहित्य पर बात प्रेमचंद करेंगे, लेकिन उनकी आलोचना होगी। बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री दोक्टोरे श्रीकृष्ण सिंह देवघर के मंदिर में दलितों को एंट्री दिलाएंगे और भारत का पहला राज्य बिहार को बनाएंगे जहां, बाकायदा क़ानून बनाकर जमींदारी प्रथा का उन्मूलन किया गया, लेकिन उन्हें हमेशा सवर्णों का नेता ही माना जाएगा।

वैसे ही वीपी सिंह ने मंडल आरक्षण के जरिये एक मूक सामाजिक क्रान्ति ला दी, लेकिन पिछड़ों का नेता उन्हें कभी नहीं माना जाएगा। तो, यह सब परसेप्शन और एक आम धारणा का खेल है, जो अक्सर राजनीति में सबसे फिट बैठता है। मसलन, मुस्लिम तुष्टिकरण एक ऐसा शब्द है, जिसे मैं आज तक समझ नहीं पाया। 70 साल तक अगर किसी एक कौम का तुष्टिकरण किसी दल ने किया, तब भी वह कौम आज विकास के सभी पैमानों पर कहां है, इसे बताने के लिए इस देश को सच्चर कमेटी और रंगनाथ मिश्रा कमिशन बनाना पड़ता है। ऐसे में, बाबा साहेब के नाम पर या कांशीराम जी के नाम पर राजनीति तो होगी ही, लेकिन उनके विचारों को कितना अमल में लाया जाएगा, यह किसी के एजेंडे पर नहीं है। चाहे वह कांग्रेस हो, मायावती हो या भाजपा ही क्यों न हो? इस हमाम में सब साफ़-सुथरे कपड़े पहनकर मजा ले रहे हैं। ऐसी स्थिति में अमित शाह या किसी भी नेता के द्वारा बाबा साहेब पर ऐसा बयान देना कितना खतरनाक हो सकता है, सब जानते हैं। फिर भी, सच बोलना हिम्मत की बात है। अमित शाह ने हिम्मत के साथ बयान दिया। और मैं इसलिए ऐसा कह रहा हूं कि मैं इस बयान को सिर्फ और सिर्फ बाबा साहेब के उपरोक्त भाषण के नजरिये से ही देख रहा हूं। रही बात विकास की, तो कौन किसका विकास करता है, यह सवर्ण भी जानते हैं, दलित भी जानते हैं, पिछड़े भी जानते हैं, अल्पसंख्यक भी। लेकिन, राजनीति है और राजनीति सबको करनी है, सो राजनीति का लोकतंत्र का नृत्य जारी है।

बता दें कि बुधवार 18 दिसंबर को राज्यसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान गृहमंत्री अमित शाह ने कहा था, 'अभी एक फैशन बन गया है... अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता।' अमित शाह के बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को लेकर दिए गए इस बयान पर राजनीति गरमा गई है। पूरे देश में बाबा साहेब के अनुयायियों और विपक्ष में गृहमंत्री अमित शाह के लिए जबरदस्त गुस्सा और आक्रोश व्याप्त है। वहीं, अमित शाह ने इस पूरे मुद्दे पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि मेरे बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया। पहले उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के एडिटेड कर के शेयर किया था। मैं मीडिया से भी अनुरोध करना चाहता हूं कि वह मेरा पूरा बयान जनता के सामने रखें, मैं उस पार्टी से हूं जो कभी भी अंबेडकर जी का अपमान नहीं कर सकती। जब भी भारतीय जनता पार्टी सत्ता में रही, अम्बेडकर जी के सिद्धांतों का पालन किया। हमने आंबेडकर जी के सिद्धांतों का प्रचार किया है।

प्रौद्योगिकी

प्रमोद भार्गव

विलो-क्वांटम चिप कंप्यूटर तकनीक का नया आधार

गूगल ने वर्ष 2024 के अंतिम माह दिसंबर में विलो नाम की क्वांटम चिप बनाकर तकनीक के क्षेत्र में बड़ा हल्ला मचा दिया है। अत्यंत सूक्ष्म महज 4 वर्ग सेंटीमीटर की यह चिप एक तरफ तो 30 साल से भी ज्यादा पुरानी समस्या का हल खोजने में सक्षम है, वहीं यह चिप 5 मिनट में ऐसे कार्य कर सकती है, जिन्हें करने में सबसे तेज सुपर कंप्यूटर को भी 10 सेप्टिलियन अर्थात अरबों साल लग सकते हैं। अतएव इससे कृत्रिम बुद्धि, फ्यूजन ऊर्जा तथा ब्रह्मांड के तारामंडल के गृह-नक्षत्रों को जानने में मदद मिलेगी। मौसम व प्राकृतिक आपदाओं की सटीक भविष्यवाणी करने में सुविधा होगी। तकनीक के क्षेत्र में इस नवीन उपलब्धि की सर्वत्र चर्चा है। एलन मस्क जैसे लोग इस उत्पाद को लेकर अचंभित हैं। इसलिए इसे सुपर ब्रेन की संज्ञा दी जा रही है। विलो चिप व्यावसायिक रूप में क्वांटम कंप्यूटिंग की नई दिशा तय करती हुई मील का पत्थर साबित होगी। दुनिया में इस समय दिन दूनी ,रात चौगुनी गति से प्रगति हो रही है। कुछ समय पहले तक असंभव सी लगने वाली चीजें आज प्रौद्योगिकी की मदद से सरलता से परिणाम तक पहुंच रही हैं। एक समय संगणक के विकास ने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव किया था। अब कृत्रिम बौद्धिकता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) ने चिकित्सा से लेकर हथियारों के निर्माण तक हर क्षेत्र में कंप्यूटर और रोबोट के प्रयोग को नया आयाम दिया है। पारंपरिक कंप्यूटर की दुनिया में इस प्रगति के समानांतर एक और अनुसंधान चल रहा है, जिसका नाम है 'क्वांटम कंप्यूटिंग' यानी अति-सूक्ष्मता का विज्ञान। भारत ने भी अब इस क्षेत्र में गति लाने का ऐलान कर दिया है। भौतिक-शास्त्र के क्वांटम सिद्धांत पर काम करने वाली इस कंप्युटिंग में असीमित संभावनाएं देखी जा रही हैं। शोध के लिहाज से यह विषय किसी के लिए भी रुचिकर हो सकता है। इस क्वांटम कंप्युटिंग या मैकेनिक्स की खास बात यह है कि इसकी शुरुआत के बाद भारतीय और पश्चिमी वैज्ञानिक यह मान रहे हैं कि भारतीय भाववादी सिद्धांत को जाने बिना अणु या कण में चेतना का आकलन नहीं किया जा सकता। क्वांटम भौतिकी और कृत्रिम बौद्धिकता एक तरह से चेतना के भाववादी सिद्धांत को ही अस्तित्व में लाने के उपाय हैं। क्वांटम कंप्युटिंग या यांत्रिकी एक लैटिन शब्द है। इसका अर्थ अतिसूक्ष्म कण है। इस विषय के अंतर्गत पदार्थ के अति सूक्ष्म कणों का अध्ययन किया जाता है। इनमें परमाणु, न्यूक्लियस एवं इलेक्ट्रॉन व प्रोटॉन सभी मौलिक कणों का अध्ययन शामिल है। इसमें इनके व्यवहार और उपयोगिता का अध्ययन किया जाता है।

क्वांटम सिद्धांत के तहत अणु, परमाणु और इनके भी मूलभूत कण बेहद लघुतम अवस्था में मौजूद रहते हैं। इस खोज पर 1918 में मैक्स प्लांक को भौतिकी का नोबेल पुरस्कार भी मिला। 1924 में सत्येंद्रनाथ बोस ने प्लांक के विकिरण नियम को समझाने के लिए एक सर्वथा नवीन विधि सुझाई। उन्होंने प्रकाश की कल्पना द्रव्यमानरहित कणों के एक गैस पिंड के रूप में ली। इसे फोटॉन गैस के रूप में मान्यता मिली। बाद में इस मान्यता को अल्बर्ट आइंस्टीन ने भी स्वीकृति दी। कण-यांत्रिकी को कल के कंप्यूटर का भविष्य माना जा रहा है। दावा किया जा रहा है कि इसकी मदद से आंकड़ों और सूचनाओं को कम से कम समय में प्रसारित किया जा सकेगा। एआई,जीपीटी चेट और चैटबॉट जैसी तकनीक इसकी सहायता से और तेजी से गतिशील रहेंगी। लेकिन विलो चिप निर्माण कर लिए जाने की घोषणा ने सुपर कंप्यूटर के निर्माताओं को फिलहाल सकते में डाल दिया है क्योंकि विलो चिप की क्षमताएं ब्रह्मांड व्यास की तरह शक्तिशाली और असीमित बताई गईं हैं। ऐसा भी माना जा रहा है कि क्वांटम यांत्रिकी का क्षेत्र जितना महत्वपूर्ण है, उस तुलना में इस क्षेत्र में कुशल युवाओं की संख्या बहुत कम है।

क्वांटम कंप्यूटर की क्षमता को देखते हुए इसके विकास में भारत समेत अनेक देश लगे हैं। यही वजह है कि आविष्कार से पहले इसकी क्षमताओं का मूल्यांकन कर लेने वाले देश इसके अनुसंधान पर बढ़ी राशि खर्च कर रहे हैं। चीन ने 15 अरब डॉलर खर्च करने की घोषणा की है।

जीवन का प्रथम अनुबंध किसको माना है?

संकलित
दर्शन

अनुबंध चतुष्टय में 'अधिकारी' को प्रथम अनुबंध स्वीकार किया गया है। मानव की आध्यात्मिक और लौकिक यात्रा के निर्विघ्न संचालन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। लोक में इसके लिए योग्यता या पात्रता पद का प्रयोग होता है, जिसका तात्पर्य है, किसी कार्य के निष्पादनार्थ पात्रता प्राप्त करना।सामान्यतः प्रत्येक कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति पात्र नहीं होता। इसलिए अनधिकारी व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य सफल और लोकमंगलकारी हो, यह आवश्यक नहीं, परंतु अधिकारी (पात्र) व्यक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य सफल भी होता है और लोकमंगलकारी भी। इसलिए अधिकारी आत्मिक और जागतिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला मानव जीवन का प्रथम अनुबंध है। इसीलिए इसे शास्त्रों में विशेष महत्व दिया गया है। वेदांत में अधिकारी को परिभाषित करते हुए कहा गया-जिसने विधिवत ज्ञान प्राप्त कर काम्य एवं निषिद्ध कर्मों का परित्याग कर दिया है। नित्य, नैमित्तिक और उपासनादि कर्म करने से जिसकी बुद्धि परिष्कृत और अंतःकरण निर्मल हो चुका है, ऐसा पापरहित व्यक्ति ही विशिष्ट ज्ञान का अधिकारी है। विश्वामित्र आदि ऋषियों ने अधिकारी समझकर ही राम को विविध आयुध प्रदान किए, जिससे उनका दुरुपयोग न हो सके। जैसे अधिकारी व्यक्ति का ज्ञान लोकमंगल के लिए होता है, उसी प्रकार अधिकारी को प्रदान की गईं शक्तियां समाज, देश और मानवता की रक्षा के लिए होती हैं। इतिहास साक्षी है कि जब भी अनधिकारी को शक्तियां प्रदान की गई हैं, उनका दुरुपयोग ही हुआ है।

हनुमान जी ने सूर्य देव से हासिल किया था ज्ञान

संकलित
प्रेरणा

गुरु पूर्णिमा पर गुरु का पूजन किया जाता है। शास्त्रों में गुरु को भगवान के बराबर माना गया है। महाभारत, रामायण में गुरु-शिष्य से जुड़ी कई कथाएं हैं। सूर्य पंचदेवों में से एक हैं और हनुमान जी के गुरु भी हैं। बाल हनुमान जब थोड़े बड़े हुए तो माता अंजनी और पिता केसरी ने उन्हें सूर्य देव के पास ज्ञान हासिल करने के लिए भेजा। माता-पिता की बात मानकर हनुमान जी ने सूर्य देव के पास पहुंचे और उनसे गुरु बनने के लिए प्रार्थना की। हनुमान जी की बात सुनकर सूर्य देव ने कहा कि मैं तो एक पल के लिए कहीं रूका नहीं हूं, न ही मैं रथ से उतर सकता हूं तो ऐसी स्थिति में मैं तुम्हें ज्ञान नहीं दे पाऊंगा। तब हनुमान जी ने कहा कि आप अपनी गति कम किए बिना ही मुझे ज्ञान दीजिए। मैं आपके साथ चलते-चलते विद्या हासिल कर लूंगा। इस बात के लिए सूर्य देव मान गए। इसके बाद सूर्य देव ने हनुमान जी को सभी वेदों और शास्त्रों का ज्ञान दिया। इस प्रकार सूर्यदेव की कृपा से ही हनुमान जी को ज्ञान मिला। इस प्रसंग में हनुमान जी ने संदेश दिया है कि योग्य गुरु से ज्ञान हासिल के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। योग्य गुरु ही हमें सही ज्ञान प्रदान कर सकते हैं। आज योग्य गुरु की तलाश काफी कठिन हो गई है।

अंतर्मन

आज की पाती

खरमास में न करें मांगलिक कार्य

सनातन धर्म में खरमास की अवधि को अत्यधिक महत्वपूर्ण समय माना जाता है। खरमास की अवधि वर्ष में दो बार आती है और प्रत्येक बार यह लगभग 30 दिनों की होती है। देखा जाए तो इनमें से एक अवधि प्राय: मार्गशीर्ष एवं पौष महीने के संधिकाल में आती है, जब खरमास का जन्म होता है। इस बार 15 दिसंबर रविवार को खरमास आरंभ हो गया है, जो 14 जनवरी मंगलवार तक रहेगा। हमारे धार्मिक ग्रंथों में वर्णन है कि खरमास के दौरान अंशु तथा भग नामक दो आदित्य, कश्यप और क्रतु नाम के दो ऋषि, महापद्म एवं कर्कोटक नाम के दो नाग, चित्रांगद और अर्णायु नामक दो गंधर्व, सहा तथा सहस्या नाम की दो अप्सराएं, तार्क्ष्य एवं अरिष्टनेमि नाम के दो यक्ष और आप तथा वात नाम के दो राक्षस सूर्यदेव के रथ के साथ-साथ चलते हैं। खरमास की अवधि में पूजा-पाठ करें, परंतु मांगलिक कार्य न करें। - *मनोज शुक्ला, राजनांदगांव*

ट्रेंड

कांग्रेस आरक्षण विरोधी

काका कालेलकर आयोग और मंडल कमीशन की रिपोर्ट्स को ठंडे बस्ते में डालने वाली कांग्रेस आरक्षण विरोधी है। राजीव गाँधी जी ने सबसे लंबा भाषण ओबीसी आरक्षण के विरोध में दिया था।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

भाजपा की मंशा

भाजपाई बाबासाहेब के बनाये संविधान को अपना सबसे बड़ा विरोधी मानते हैं क्योंकि उनको लगता है कि वो जिस प्रकार ग़रीब, दमित का शोषण करके अपना प्रभुत्व कायम करना चाहते हैं, उनकी इस मंशा के आगे संविधान ढाल बनकर खड़ा है।
-अखिलेश यादव, सपा सांसद

थोरियम का सबसे बड़ा भंडार

दुनिया में थोरियम का सबसे बड़ा भंडार भारत के पास है? प्रचुर मात्रा में थोरियम हमारे पास थोरियम को यूरेनियम में बदलने और छोटे रिएक्टरों का उपयोग करके उससे बिजली पैदा करने की तकनीक है जो लागत प्रतिस्पर्धी है। परमाणु ऊर्जा देश का चेहरा बदल सकती है।
-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति

मेरा व्यंग्य संग्रह

मेरे व्यंग्य संग्रह "मौन मुस्कान की मार" का एक व्यंग्य 'भग्गू पटेल उर्फ बीसीपी' .. समय मिले तो सुनिएगा, व्यंग्य का लिंक मेरे एक्स अकाउंट पर उपलब्ध है। आपका स्नेह मेरे परिष्कार का कारक है।
-आशुतोष राणा, अभिनेता

करंट अफेयर

भारत, अमेरिका ने अंतरिक्ष सहयोग की रूपरेखा तैयार की

भारत और अमेरिका के अधिकारियों ने अंतरिक्ष सहयोग में अगले कदमों की रूपरेखा तैयार की है, जिसमें मानव अंतरिक्ष उड़ान, संयुक्त अंतरिक्ष अन्वेषण और बढ़ती अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में साझा हितों को आगे बढ़ाने के लिए अंतरिक्ष कंपनियों के बीच वाणिज्यिक साझेदारी को सुविधाजनक बनाने की प्रतिबद्धता शामिल है। व्हाइट हाउस ने बुधवार को बताया कि इस संबंध में ह्यूस्टन में 17 दिसंबर को एक बैठक आयोजित की गई थी जिसमें अमेरिका के प्रधान उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन फाइनर, उप विदेश मंत्री कर्ट कैंपबेल और अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा शामिल हुए।

ऑफ बीट

अध्ययन से स्पष्ट, लोग नकदी कम खर्च करते हैं

मेहनत की कमाई किसी को देना हमेशा से थोड़ा कष्टदायी होता है। और ऐतिहासिक रूप से, अध्ययनों में पता चला है कि ग्राहकों को जब नकदी में भुगतान करना होता है तो वे कम पैसा खर्च करते हैं। इस सदी की शुरुआत में यह पता लगाने अध्ययन किया गया था कि ज्यादातर उपभोक्ता नकदी से भुगतान करते हैं या फिर प्री-पेड कार्ड का उपयोग करके। अध्ययन में पता चला कि लोग नकदी कम खर्च करते हैं। इस अध्ययन के दौरान किराने की एक दुकान में उपभोक्ता रसीदों की पड़ताल करके इसकी पुष्टि की गई थी।

संक्षेप

बांदा में विशालकाय अजगर से दहशत

अजगर को पेड़ पर चढ़ते देख दंग रहे लोग, वन विभाग कर रही तलाश

संवाददाता

बांदा, बांदा के अदरी गांव में एक विशालकाय अजगर को पेड़ पर चढ़ते देख किसानों और उनके बच्चों में दहशत फैल गई। खेतों में काम कर रहे लोग इस अजगर को देख चौंक गए, जिससे आसपास के इलाकों में भय का माहौल बन गया। इस अजगर का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जो अब ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। वायरल वीडियो की घटना पैलानी थाना क्षेत्र के अदरी गांव के जंगलों की है, जहां कुछ किसान और उनके बच्चे खेतों में काम कर रहे थे। अचानक उन्होंने विशालकाय अजगर को देखा और उसका पीछा किया। वीडियो में अजगर को दिखाया गया है, जो अपने भारी शरीर के बावजूद बड़ी फुर्ती से पेड़ पर चढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। यह दृश्य देखकर लोग हैरान रह गए। वीडियो में दिख रहे अजगर की फुर्ती देखकर इलाके में दहशत फैल गई है। अब लोग शाम होते ही अपने बच्चों और जानवरों को घरों में बंद कर रहे हैं। किसानों को बुवाई वाली फसलों पर पानी देने से भी डर लगने लगा है। अजगर के खौफ से इलाके में नींदें उड़ चुकी हैं और लोग इस खतरे से बचने के लिए सतर्क हो गए हैं। फिलहाल, अब यह देखना बाकी है कि वायरल वीडियो में दिख रहे विशालकाय अजगर को पकड़ने में फॉरेस्ट विभाग कितनी जल्दी कामयाब हो पाता है। ग्रामीणों की उम्मीदें फॉरेस्ट विभाग पर टिकी हैं ताकि इस अजगर से संबंधित दहशत को जल्द समाप्त किया जा सके।

बांदा में ससुर की ट्रेन से कटकर मौत

बहू से मिलने ट्रेन से आ रहे थे, पैर फिसलने से हुआ हादसा

संवाददाता

बांदा, बांदा में बहू से मिलने आ रहे ससुर की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। यह हादसा उस वक्त हुआ जब वह ट्रेन में चढ़ते समय पैर फिसलने से गिर पड़े। हादसा इंटरसिटी एक्सप्रेस में चढ़ते वक्त हुआ। हमीरपुर जिले के सुमेरपुर थाना क्षेत्र के पचखुरा खुर्द गांव निवासी इंद्रपाल प्रजापति (60) बांदा जाने के लिए घर से निकले थे। वह भरुआ सुमेरपुर स्टेशन पर इंटरसिटी एक्सप्रेस में चढ़ने की कोशिश कर रहे थे, तभी यह दर्दनाक हादसा हुआ। मृतक के परिजनों के अनुसार, इंद्रपाल प्रजापति बांदा के सर्वोदय नगर में रह रहे बेटे रामशरण की पत्नी की डिलीवरी के लिए आ रहे थे। वह अपनी बहू से मिलने के लिए ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रहे थे, तभी पैर फिसलने से वह हादसे का शिकार हो गए। इंद्रपाल के तीन बेटे और दो बेटियां थीं। वह दो बीघा जमीन पर खेती करते थे। 2007 में उनके एक पुत्री सीता की गांव में विवाद के चलते हत्या हो गई थी। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना इंस्पेक्टर नवेंदु शेखर अग्निहोत्री ने बताया कि यह हादसा ट्रेन से कटने के कारण हुआ है, और पोस्टमार्टम के बाद शव को परिवार के हवाले कर दिया जाएगा।

शाश्वत आचार्य स्मृति प्रतिष्ठान की 19वें दिवस पर साहित्यकार हुए सम्मानित

सामाजिक व साहित्यिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का हुआ सम्मान

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। पडोसी देश नेपाल के बाँके जिला की नेपालगंज में शाश्वत आचार्य की 19 वीं स्मृति दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी बीच साहित्य क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करनेवाले साहित्यकार को को पुरस्कार सहित सम्मान प्रदान किया गया। नेपालग उप महानगरपालिका वाडं नं.10 स्थित रहे शाश्वत आचार्य स्मृति प्रतिष्ठान नेपालगञ्ज के अध्यक्ष प्रा. डा. जनार्दन आचार्य की अध्यक्षता में कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि नेपाल प्रज्ञा प्रतिष्ठान के प्रज्ञासभा सदस्य प्राज्ञ महानन्द ढकाल ने नेपाली साहित्य तथा समालोचना क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान पहुंचाते आ रहे डा. टिकाराम उदासी को नगद राशी १दस हजार रुपैया सहित शाश्वत आचार्य स्मृति पुरस्कार के साथ साथ खादामाला, दोसल्ला ओढकार नगद राशी सहित सम्मानित किया।

शाश्वत आचार्य स्मृति प्रतिष्ठान के अध्यक्ष प्रा.डा जनार्दन आचार्य के अनुसार कार्यक्रम में नेपालगञ्ज उपझमहानगरपालिका वाडं नं.9 स्थित नील सागर बृद्ध आश्रम की संस्थापक सरिता खनाल, स्वास्थ क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान पहुँचाने वाले डा. दुर्गा प्रधान को (मरोणापन्त), इसी तरह स्वास्थ क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण योगदान पहुँचाते आ रहे डा. बिनोद खेतान को भी शाश्वत आचार्य स्मृति सम्मान द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि महानन्द ढकाल ने सम्मानित करते हुये अच्छी काम की एक न एक दिन जरुर मूल्याँकन होती है बताया। इसी तरह वह कार्यक्रम में सम्मानित ब्यक्तित्व नेपाली साहित्य तथा समालोचक डा. टिकाराम उदासी, डा. विनोद खतान ने अपनी अपनी बिचार रक्खा। सर्वदा साहित्य संगम के अध्यक्ष खगेन्द्र गिरि कोपिला द्वारा संचालित कार्यक्रम में साहित्यकारों में नरेन्द्रनाथ योगी, नवीन अभिलासी, चरित्रा शाह, एम रेग्मी, चन्द्रावती अधिकारी लगायत लोगों ने अपनी अपनी कविता, रचाना वाचन किया। वह कार्यक्रम में भेरी साहित्य समाज केन्द्रिय समिति के पूर्व हरि प्रसाद तिमिल्सिना, खजुरा प्रज्ञा प्रतिष्ठान के उपझ्कुलपति डा. इन्द्र बहादुर भण्डारी, कोहलपुर बाङ्ग्य प्रतिष्ठान की उपाध्यक्ष सुमित्रा न्यौपाने, हाम्रो पूर्णिमा साहित्य प्रतिष्ठान के अध्यक्ष पुष्कर रिजाल, साहित्यकार तथा शिक्षाविद् किरण आचार्य, बिष्णु पादुका, भरत रानाभाट, साहित्यकार तथा अधिवक्ता भीम बहादुर शाही, मणि देव अर्याल, कल्पना पौडेल जिज्ञासु, बद्री ढकल हिरामणि, खोपीराम ओली लगायत काफी संख्या में साहित्य प्रेमी समाज सेवी उपस्थिति रहे।

सातवीं राष्ट्रीय मेयर साइकलिंग प्रतियोगिता संपन्न

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल के शहर नेपालगंज में सातवां राष्ट्रीय मेयर साइकलिंग प्रतियोगिता नेपालगंज साइकिल क्लब द्वारा आयोजित किया गया। क्लब के अध्यक्ष प्रदीप सापकोटा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर सहित स्थानीय साइकिलिस्टों ने प्रतिभाग किया है। यह साइकिल रेस पांच स्तर से आयोजित किया जा रहा है। जिसमें राष्ट्रीय तथा स्थानीय स्तर के खिलाड़ीयो ने 36 किलोमीटर के प्रतिस्पर्धा में भाग लिया तथा दूसरा 25 किलोमीटर का तथा तीसरा स्कूली बच्चों का 16 किलोमीटर का प्रतिस्पर्धा आयोजित हुआ। इसी तरह जनरल पुरुष 25 किलोमीटर तथा जनरल महिला 16 किलोमीटर प्रतिस्पर्धा में भाग लिया जो नेपालगंज के उपमहानगरपालिका कार्यालय बीपी चौक से शुरू होकर कोहलपुर होते हुए वापस उप महानगरपालिका कार्यालय पर समाप्त हुआ। इस साइकिलिंग प्रतियोगिता को नेपालगंज उपमहानगरपालिका के अध्यक्ष प्रशांत बिष्ट ने सीटी बजा कर शुरूआत कराई। अध्यक्ष सापकोटा ने बताया कि 36 किलोमीटर वाले रेस में प्रथम स्थान पर सशस्त्र बल के सूरज राणा मगर दूसरे स्थान पर अच्युत कृष्ण खरेल तथा तीसरे स्थान पर राप्ती सुनारी वार्ड न0 8 निवासी जंगू थारू रहे। इसी तरह 25 किलोमीटर वाले प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर हर्क बहादुर लामा निवासी सिंधु पाल चौक नेपाल तथा दूसरे स्थान पर देव बोहरा निवासी डुडवा गांव पालिका वार्ड नंबर 5 तथा तीसरे स्थान पर दीपक माल्या निवासी नेपालगंज वार्ड नंबर 1 रहे। इसी तरह 16 किलोमीटर वाले प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान पर दिलोसन बोहरा दूसरे स्थान पर अनमोल गुप्ता तथा तीसरे स्थान पर रणजीत चौहान रहे। इसी तरह जनरल पुरुष वर्ग में 25 किलोमीटर वाले प्रत्यक्ष स्पर्धा में प्रथम स्थान पर विनोद यादव द्वितीय स्थान पर लेखन प्रसाद चौधरी तथा तीसरे स्थान पर जगत राम यादव रहे। इसी तरह जनरल महिला 16 किलोमीटर प्रति स्पर्धा में प्रथम स्थान पर रूपाचा द्वितीय स्थान पर सुनीता थारू तथा तृतीय स्थान पर मीना कुमारी थारू रही। इस अवसर पर उपमहानगर पालिका नेपालगंज अध्यक्ष प्रशांत बिष्ट, नंदलाल वैश्य, जिलाधिकारी बांके, पुलिस अधीक्षक बांके, नेपाली व भारतीय पत्रकारों सहित सैकड़ो गणमान्य व्यक्ति खिलाड़ी एवं आम जन उपस्थित रहे।

प्रतिभा संरक्षण सेवा न्यास के वरिष्ठ ट्रस्टी ने 55वीं बार किया रक्तदान

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। प्रतिभा संरक्षण सेवा न्यास के वरिष्ठ ट्रस्टी सदस्य कुमार ने संगठन के महासचिव ध्रुव कुमार मिश्र के साथ जनपद मेडिकल कॉलेज पहुंचकर ब्लड बैंक आज 55वीं बार रक्तदान किया। संगठन के महासचिव एवं जिलाध्यक्ष शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदीप त्रिपाठी ने अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए रक्त महादानी का उपाधि दिया। डॉ दिनेश कुमार ने बताया कि अपने जीवन इस बार 55 वीं बार रक्तदान किया है और लोगों को संदेश दिया कि रक्तदान करने से स्वास्थ्य अच्छा रहता है। कुछ लोगों को भ्रम है कि रक्तदान करने से स्वास्थ्य खराब होता है यह गलत है। उन्होंने कहा जब तक अच्छा रहूंगा तब तक रक्तदान करता रहूंगा। इस अवसर पर प्रतिभा संरक्षण सेवा प्रदीप त्रिपाठी, आशीष तिवारी व ध्रुव कुमार मिश्र एवं ब्लड बैंक के ज्ञानेन्द्र वर्मा उपस्थित थे।

जेई के लिए रोमांचक हुआ कतर्नियाघाट का सफर

- जंगल सफारी के दौरान टाइगर व तेंदुआ दिखा
- बोटिंग के दौरान डॉल्फिन की उछलकूद ने किया रोमांचित

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जनपद बहराइच के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में इस पर्यटन सत्र में पर्यटकों की संख्या में लगातार इजाफा देखने को मिल रहा है। कतर्नियाघाट घूमने वाले पर्यटकों को इस पर्यटन सत्र में निराश होकर नही लौटना पड़ रहा है। रविवार को सुबह परिवार के साथ कतर्नियाघाट घूमने पहुचे जेई आरईडी विवेक वर्मा को कतर्नियाघाट जंगल के मुख्य मार्ग पर तेंदुआ देखने को मिला जिसके बाद सुबह जंगल सफारी के दौरान उन्हें टाइगर देखने को मिला जिसके बाद परिवार के साथ बोटिंग के दौरान डॉल्फिन की उछलकूद से सभी रोमांचित हो उठे। टूरिस्ट फीडबैक बोर्ड पर उन्होंने आई फील वेरी गुड लिखकर कतर्नियाघाट की खूबसूरती की परशंसा की। जेई ने बताया कि कतर्नियाघाट जंगल भ्रमण के लिए उनके परिवार के लोगों में उनकी पत्नी अंजना सिंह व बेटे वासु व वीर मौजूद रहे। जेई के बेटे वासु ने बताया कि इससे पहले भी वह कतर्नियाघाट घूमने जा चुके हैं जहां उन्हें वन्यजीवों का दीदार नही हुआ था लेकिन इस बार का जंगल का सफर उनके लिए काफी रोमांचक रहा है। उन्होंने बताया कि यह पल मेरे लिए यादगार रहेगा मैं इसे कभी भुला नही सकता।

श्री दुर्गा मंदिर हीरालाल बाबा स्थान मे भव्य भंडारे का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जनपद बहराइच के विकासखंड शिवपुर अंतर्गत रामपुर धोबिया मे श्री दुर्गा मंदिर हीरालाल बाबा का प्राचीन देव स्थान है। यहां प्रतिवर्ष दिसम्बर माह मे ग्राम व क्षेत्र के सभी प्रकार से कल्याण हेतु अरसे से दो दिवसीय रामायण पाठ व विशाल भंडारे का आयोजन होता रहा है। इसी क्रम मे बीते शनिवार को रामायण पाठ की पूणार्हुति के पश्चात गांव की सैकड़ो कन्याओं को भोजन कराया गया। तदुपरान्त कई जनपद सहित नेपाल तक के काफी संख्या मे आये हुए सिद्ध महात्माओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया और गांव के कल्याण की कामना किया। मंदिर पुजारी बाबा सर्वजीतदास ने बताया है कि सभी के सहयोग से भंडारा कार्यक्रम संपन्न होता है। वहीं भंडारा कार्यक्रम मे प्रधान प्रतिनिधि सहित गांव निवासी सभी भक्तगण मौजूद रहे।

फखरपुर के ग्राम पंचायत मझौरा में आयोजित हुआ सुशासन सप्ताह

- ब्लाकों पर आयोजित कार्यक्रमों में 42856 व्यक्तियों को किया गया लाभान्वित

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी के जन्म दिवस के अवसर पर शासन की मंशानुरूप 19 से 25 दिसम्बर 2024 तक चलाये जा रहे सुशासन सप्ताह 2024-प्रशासन गांव की ओर अभियान के दृष्टिगत जिलाधिकारी मोनिका रानी के निदेर्शानुसार विगत दिवस मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र द्वारा विकास खण्ड फखरपुर की ग्राम पंचायत मझौरा में आयोजित सुशासन सप्ताह आयोजन में प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ग्राम वासियों को शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया और योजनाओं से मिलने वाले लाभों के बारे में आमजन मानस को जागरूक भी किया गया। जिससे सभी पात्र लोग योजनाओं का लाभ नियमानुसार प्राप्त कर सके। इसके साथ ही जनपद के विकास खण्डो में खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों में सुशासन सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन करते हुए लाभार्थियो को लाभान्वित किया जा रहा है। जनपद में अभियान के दौरान जहां एक ओर विभिन्न योजनाओ यथा प्रधानमंत्री आवास, ग्रामीण पेंशन, परिवार रजिस्टर, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र व्यक्तिगत शौचालय, मुख्यमंत्री आवास योजना आदि से लाभन्वित किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण भी यथा सम्भव मौके पर ही किया जा रहा है। सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत चलाये जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में फैमली आई0डी0, जीरो पावर्टी आदि से लगभग 42856 व्यक्तियों का लाभान्वित कराये जाने के साथ ही 542 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। उक्त के अतिरिक्त गरीब व असहाय 6273 व्यक्तियों को कम्बल भी वितरित कराया गया है। शासन द्वारा चलाये जाने वाले उक्त अभियानों का जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में कुशल संचालन जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। जिससे पात्र व्यक्तियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

प्री-पीसीएस परीक्षा केन्द्रों का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए लगातार भ्रमणशील रहीं डीएम व एसपी

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। उ.प्र. लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा.) परीक्षा-2024 की दो पालियों में सम्पन्न होने वाली परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, शुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक बृंदा शुक्ला के साथ निरन्तर भ्रमणशील रहकर व्यवस्थाओं का जायजा लेती रहीं। डीएम व एसपी ने प्रथम पाली में राजकीय आईटीआई कैम्पस नानपारा रोड-बहराइच परिसर में स्थित राजकीय पॉलीटेक्निक-मोहम्मदपुर, राजकीय महिला पॉलीटेक्निक, रिसिया नानपारा एवं राजकीय पॉलीटेक्निक, आसाम चौराहा, बहराइच तथा द्वितीय पाली में महाराज सिंह इण्टर कालेज, महिला पी.जी. कालेज, महाराजा सुहेल स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय तथा स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय के ब्लाक ए व बी में स्थापित परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपी ने परीक्षा केन्द्रों पर स्थापित कन्ट्रोल रूम में पहुंचकर मॉनीटर स्क्रीन पर लगभग सभी कमरों को जूम कर परीक्षा कक्ष के अन्दर की व्यवस्था को परखा। डीएम ने परीक्षा केन्द्र पर मौजूद केन्द्र व्यवस्थापकों, स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि किसी भी दशा में परीक्षा की शुचिता प्रभावित नहीं होनी चाहिए। केडीसी के निरीक्षण के दौरान डीएम ने चिकित्सा काउण्टर पर मौजूद चिकित्सकों से परीक्षार्थिओं को आवश्यकतानुसार औषधि वितरण के बारे में जानकारी ली।

आज 23 दिसम्बर को आयोजित होगा किसान सम्मान दिवस

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जनपद में 19 दिसम्बर से 24 दिसम्बर 2024 तक आयोजित हो रहे सुशासन सप्ताह 2024-प्रशासन गांव की ओर अभियान अन्तर्गत भूतपूर्व प्रधानमन्त्री स्व. चौधरी चरण सिंह का जन्म दिवस 23 दिसम्बर 2024 को जिला व ब्लाक मुख्यालय पर किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाया जायेगा। जनपद स्तर पर हरियाली रिसार्ट बहराइच में पूर्वान्ह 12:00 बजे से जनपद स्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठी एवं सब मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजनान्तर्गत एक दिवसीय जनपद स्तरीय किसान मेला, कृषि प्रदर्शनी एवं कृषक वैज्ञानिक संवाद एवं किसान दिवस आयोजित होगा। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक महसी सुरेश्वर सिंह होंगे।

यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि किसान सम्मान दिवस के अवसर पर जनपद के सर्वोच्च उत्पादकता प्राप्त करने वाले कृषकों को सम्मानित किया जायेगा तथा कृषि एवं सम्बद्ध विभागों द्वारा प्रदर्शनी स्टाल लगाये जायेंगे। इसी प्रकार प्रत्येक विकास खण्ड स्तर पर किसान सम्मान दिवस का आयोजन कर कृषकों को सम्मानित किया जायेगा। किसान सम्मान दिवस कार्यक्रम एवं विकास गोष्ठी में कृषि एवं सम्बद्ध विभाग यथा सहकारिता, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, दुग्ध विकास, रेशम एवं गन्ना विभाग द्वारा सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी।

कम्पोजिट विद्यालय की रसोईघर मे चोरों ने किया हाथ साफ

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जिले के वि0ख0 शिवपुर निहित कंपोजिट विद्यालय जरवधिया के रसोईघर मे ताला काटकर हुई चोरी। ग्राम प्रधान सहित विद्यालय इंचार्ज ने स्थानीय चौकी मे प्रार्थनापत्र देकर कार्यवाही की मांग किया है। जनपद बहराइच के विकासखंड शिवपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया के मजरा जरवधिया स्थित कम्पोजिट विद्यालय की रसोईघर मे शुक्रवार की रात को अज्ञात चोरो ने दरवाजे की कुंढी काटकर रखे सामान पर हाथ साफ कर दिया। इंचार्ज दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि आज जब हम सभी विद्यालय पहुंचे तो रसोईघर की कुंढी कटी मिली। देखा गया तो दो गैस सिलेंडर, दो भट्ठी, स्टील कन्टेनर 35 किग्रा0 आँटा सहित, 12 ली0 प्रेशर कुकर, 40 ली0 का एक भगोना, सरसों तेल आदि अज्ञात चोरो द्वारा चोरी किया गया है। इससे पूर्व भी चोरियों की भी घटनाएं हो चुकी हैं। खुलासे को लेकर चौकी बैबाही मे प्रार्थनापत्र दिया गया है।

सड़क के दोनों किनारे खाली होने से राहगीरों की जोखिम मे जान

ग्रामीणों ने कहा कई बार सूचना के बाद भी खाली पड़े सड़क के दोनों साइड

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जनपद बहराइच के विकासखंड शिवपुर अंतर्गत पिपरिया चौराहे से लगभग 500 मीटर तक की सड़क सरकार की मंशा के अनुरूप पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा तीन मीटर चौड़े आरसीसी से निर्माण कराया है। जिसके इधर उधर की पटरियां लगभग डेढ़ फिट खाली हैं। जिससे यदि एक वाहन निकल रहा हो तो दूसरे को साइड देने की गुंजाइस खतम हो जाती है। ग्रामीणों ने बताया है कि सड़क की पटरियां खाली होने से वाहनों को साइड देने मे काफी कठिनाई होती है तो वहीं कई लोग चोटिल भी हुए हैं। विभागीय लोगों को अवगत कराया गया है किन्तु समस्या का निदान अभी नहीं हुआ है। वहीं जे0ई0 श्री यादव ने बताया है कि ठेकेदार से बता दिया गया है जल्द ही समस्या हल होगी।

खेत में दिखा तेंदुए का जोड़ा

खेत जा रहे किसान ने देखा, ग्रामीणों ने की तलाश, नहीं मिला कोई निशान

अमन लेखनी समाचार



अमरोहा, जिले के ग्रामीण इलाकों में तेंदुए की दहशत खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। नौगांवा सादात थाना क्षेत्र में एक बार फिर तेंदुए के जोड़े को देखकर इलाके में खौफ फैल गया। रामपुर सफेद गांव के किसान ने तेंदुए को ईख के खेत के बाहर बैठे देखा और उसका वीडियो बना लिया। रामपुर सफेद गांव के निवासी प्रमोद यादव अपने खेत की ओर जा रहे थे, तभी उनकी नजर पास के खेत के बाहर बैठे तेंदुए के जोड़े पर पड़ी। अचानक यह नजारा देखकर वह घबरा गए। हालांकि हिम्मत दिखाते हुए उन्होंने मोबाइल कैमरे से दूर से तेंदुए का वीडियो बना लिया और गांव लौटकर सभी को जानकारी दी। किसान की जानकारी पर गांव के लोग लाठी-डंडों से लैस होकर मौके पर पहुंचे। लेकिन तब तक तेंदुए का जोड़ा वहां से गायब हो चुका था। ग्रामीणों ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन तेंदुए का कोई निशान नहीं मिला। इसके बाद ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। मामले की सूचना मिलते ही डीएफओ एसपी सिंह ने बताया कि तेंदुए के जोड़े के देखे जाने की पुष्टि की गई है। वन विभाग की टीम को मौके पर भेजा गया है। उन्होंने कहा कि तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया जाएगा और ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की गई है। अमरोहा जिले में पिछले कई महीनों से तेंदुए का आतंक बरकरार है। जिले के अलग-अलग हिस्सों में तेंदुए को कई बार देखा गया है। वन विभाग ने कई प्रयास किए, लेकिन अब तक तेंदुए को पकड़ने में सफलता नहीं मिल पाई है। तेंदुए के बार-बार दिखने से ग्रामीणों में भय का माहौल है। वन विभाग ने तेंदुए को जल्द पकड़ने का भरोसा दिलाया है।

सुल्तानपुर में किराना की दुकान से लाखों की चोरी

सेंध काटकर दुकान में घुसे चोर, दो लाख कैश और लाखों का सामान ले गए

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, कादीपुर में चोरों ने एक किराना दुकान को बीती रात निशाना बनाया है। नकब लगाकर दुकान में घुसे चोर यहां रखे दो लाख नगद और लाखों रुपए कीमत का सामान उठा ले गए हैं। इस घटना ने कादीपुर पुलिस की पेट्रोलिंग पर सवाल उठाए हैं। फिलहाल घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस अब जांच कर रही है। कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के चौराहे पर पुलिस पिकेट से चंद कदम की दूरी पर बीती रात किराना दुकान पर लाखों की चोरी हुई है। कादीपुर पटेल चौक से सटी चांदा रोड पर प्रतिष्ठित किराना व्यापारी हरिगोविंद तिवारी की दुकान है। बताया जा रहा है कि बीती रात चोरों ने रोडवेज परिसर की तरफ पीछे से नकब लगाया और दुकान में घुस आए। यहां से चोर दो लाख रुपए नकद और सिगरेट तम्बाकू व अन्य सामान उठा ले गए। बड़ी बात यह है कि चौराहे पर पुलिस पिकेट मौजूद रहने के बावजूद चोरों ने यह दुःसाहसिक कारनामा पुलिस के नाक नीचे कर दिखाया। कादीपुर नगर क्षेत्र में पुलिस की कमजोरी कही जाए या चोरों के बुलन्द हौसले की दाद दी जाय नगर में हुई इस घटना से समूचे क्षेत्र में चर्चा का माहौल गर्म है।

हापुड़ पुलिस ने 7 वाहन चोर को किया गिरफ्तार

दिल्ली एनसीआर में करते थे वाहन चोरी, 18 वाहन बरामद

अमन लेखनी समाचार

हापुड़, कोतवाली पुलिस ने ऑन डिमांड वाहन चोरी करने वाले गिरोह भंडाफोड़ करते हुए सात वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए वाहन चोर पार्किंग में खड़े वाहनों की रेकी करते थे। आरोपी दिल्ली एनसीआर से वाहन चोरी करते थे। गिरफ्तार किए गए वाहन चोरों के कब्जे से पुलिस ने चोरी की गई 12 बाइक, पांच स्कूटी और 18 दो पहिया वाहनों के पार्ट्स बरामद किए हैं। एसपी केजी सिंह ने वाहन चोर गिरोह का खुलासा करते हुए बताया कि हापुड़, बुलंदशहर, दिल्ली एनसीआर समेत कई राज्यों में वाहन चोरी की घटनाएं सामने आ रही थी। जिसके लिए हापुड़ कोतवाली प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। इसी के आधार पर कोतवाली पुलिस ने 7 वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए वाहन चोरों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह भीड़-भाड़ वाले इलाकों में वाहन चोरी करते थे। आरोपी वाहनों को काटकर बेचते थे। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम पप्पू, नसीर निवासीगण गांव इमलिया थाना कोतवाली देहात बुलंदशहर, जीशान निवासी मोहल्ला कोठरा शाहनगर थाना अगौता बुलंदशहर, शकील अहमद निवासी काली नदी पुल के पास धमेड़ा मोड थाना कोतवाली बुलंदशहर, अमित कुमार निवासी चांदपुर पूड़ी मंदिर वाला मोहल्ला थाना स्याना बुलंदशहर, अनस खान निवासी गांव शाहनगर थाना अगौता बुलंदशहर और बंटी निवासी गांव नयावांस मलिक की मड़ैया थाना स्याना बुलंदशहर को गिरफ्तार किया है।

संक्षेप

सूटकेस में मिले बच्चे के शव मामले में एफआईआर दर्ज

चौकीदार की तहरीर पर गाजियाबाद पुलिस ने दर्ज किया अज्ञात के खिलाफ मामला

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, मोदीनगर में गंगनहर के किनारे झाड़ियों में सूटकेस में बंद मिले छह साल के बच्चे की शिनाख्त पुलिस तीन दिन बाद भी नहीं कर पाई है। इस मामले में चौकीदार की तहरीर पर निवाड़ी थाने में अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस का दावा है कि जल्द मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। गंगनहर पटरी पर गंगनहर पुलिस चौकी से महज दो सौ मीटर दूरी पर सूटकेस में बंद छह साल के बच्चे का शव पड़ा मिला था। आशंका जताई जा रही है कि हत्या किसी अन्य स्थान पर करके शव को सूटकेस में रखा गया। सूटकेस को नहर में फेंकने के इरादे से फेंका गया था। लेकिन सूटकेस झाड़ियों में अटक गया। तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस बच्चे के शव की शिनाख्त नहीं कर पाई है। पुलिस की पांच टीम शिनाख्त के प्रयास कर रही है। एनसीआर व मेरठ मंड़ल के आथोर्पेडिक सर्जन व हड्डी का इलाज करने वाले जर्रा, हकीमों से बच्चे की शिनाख्त करने का प्रयास करने में लगी है। मृतक के हाथ पर प्लास्टर चढ़ा हुआ था और उसे दो सप्ताह पहले ही कराया गया था। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि गांव अबूपुर के चौकीदार तोसिफ की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना के खुलासा जल्द कर दिया जाएगा।

गाजियाबाद में महिलाओं का प्रदर्शन

शराब की दुकान बंद कराई, बोलीं– आते जाते बदसलूकी करते हैं

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, गाजियाबाद के थाना मसूरी क्षेत्र के आकाश नगर इलाके में महिलाओं ने प्रदर्शन करके शराब की दुकान बंद करा दी। महिलाओं का आरोप है की शराब पीने के बाद यहां शराबी महिला और बच्चों के साथ बदसलूकी करते हैं। इस मामले में बाद में पुलिस को दखल देना पड़ा। महिलाओं के मुताबिक इस मामले की पहले शिकायत की गई है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। गाजियाबाद के थाना मसूरी क्षेत्र के आकाश नगर में पडने वाली शराब की दुकान पर गुरुवार शाम महिलाएं पहुंच गई। महिलाओं ने यहां प्रदर्शन शुरू कर दिया जिसकी वजह से शराब की दुकान को बंद करना पड़ा। प्रदर्शन कर रही महिला विनीता ने बताया की शराब के नशे में शराबी यहां नग्न हो जाते हैं और यहां से गुजरने वाले महिलाओं और बच्चों के साथ बदसलूकी करते हैं। प्रदर्शन कर रही महिलाओं के मुताबिक उनके पति नौकरी करते हैं बाहर रहते हैं वह अकेले बच्चों के साथ यहां रहते हैं। उनका यहां से निकलना दूभर हो गया है। महिलाओं के मुताबिक इसकी शिकायत 1 साल से की जा रही है लेकिन अभी तक किसी तरह का कोई हल नहीं निकला है। महिलाओं के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस भी मौके पर पहुंची पुलिस ने समझा बूझकर महिलाओं को वापसी भिजवाया और दुकान को खुलवाया।

बी.आई.टी. सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता-2024 में लगा छात्रों का महाकुम्भ

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के बी0आई0टी0 सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता-2024 का आयोजन बुद्धा इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गीडा, गोरखपुर में हुआ। जिसमें पूर्वांचल के गोरखपुर, बस्ती, संतकबीर नगर, सिद्धार्थनगर, देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज, मऊ व आजमगढ़ सहित विभिन्न जनपदों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस चार दिवसीय परीक्षा में 12647 छात्र, छात्राओं ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया। इसमें सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, मौखिक प्रश्नोत्तरी, नृत्य, गायन, ड्रामा, मेमेक्री कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के प्रथम पुरस्कार विजेता - लकी प्रजापती (बी0डी0एम0एल0 इण्टर कालेज बरगदही गोरखपुर), द्वितीय पुरस्कार विजेता - फरहान अखतर (एक्सीलेंस एकेडमी बरगदही गोरखपुर), पलक कुमारी (एक्सीलेंस एकेडमी बरगदही गोरखपुर), तृतीय पुरस्कार विजेता - आदित्य चैधरी (पं0 आर0के0 आर0टी0 कालेज संतकबीर नगर), श्री बहादुर वर्मा (श्रीमती के0डी0 इण्टरमिडीयेट कालेज चैमुखी महराजगंज), प्रभाकर धर दुबे (एस0वी0एम0 पब्लिक स्कुल मानीराम गोरखपुर), सांत्वना पुरस्कार - सागर यादव, उत्कर्ष श्रीवास्तव, दिव्यांशु कुमार, सत्यम कुमार मौर्या, यश पाण्डेय, श्रद्धा गुप्ता, स्तुती अग्रवाल, विकाश राव, अमन मौर्य, आदित्य सिंह, अभिषेक गुप्ता ने प्राप्त किया।

इस प्रतियोगिता के संचालन में सी0टी0ओ0 प्रो0 एन0 गुरुप्रसाद ने किया। इस दौरान संस्थान के समस्त शिक्षक कर्मचारी उपस्थित थे।

महिला के घर में घुस कर किया छेड़छाड़ विरोध करने पर पीटा, केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां थाना क्षेत्र के वार्ड 4 केशवपुर निवासी एक महिला जो मछली बेचने का कारोबार करती है। उसे गीडा थाना क्षेत्र के रानीपार निवासी एक मनबढ़ उसके घर में घुसकर छेड़छाड़ करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर मारपीट कर फरार हो गया। पीड़िता के शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। मिली जानकारी से सहजनवां थाना क्षेत्र के वार्ड 4 केशवपुर निवासी एक महिला मछली बेचने का कार्य करती है। दुकान पर गीडा थाना क्षेत्र के रानीपार निवासी एक मनबढ़ आता जाता रहता था। और मोबाइल नंबर के लिया था। इसके बाद वह फोन पर अश्लील बात करने लगा था। 19 दिसंबर सुबह 8.30 बजे आरोपी महिला के घर में घुसकर छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता के शिकायत पर पुलिस ने आरोपी जयशंकर पुत्र बाबूलाल निवासी रानीपार थाना गीडा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

प्रशासन के नाक के नीचे मनबढ़ो ने भूमि पर कर लिया कब्जा

दौड़ती रही पुलिस होता था निर्माण कार्य

एसडीएम द्वारा सोमवार को पैमाईश के लिए गठित की गई थी टीम

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत चडराव प्रशासन के नाक के नीचे मनबढ़ो ने पीड़ित की भूमि में पिलर लगा कर कब्जा कर लिया है।

पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर दिया हैं। मिली जानकारी से तहसील क्षेत्र चडराव अरविंद सिंह स्व नरसिंह जो आराजी संख्या 518 में एक तिहाई के हिस्सेदार है। जिसमें मकान बना रखा है। शेष बची भूमि में निर्माण कार्य करा रहे थे। तो मनबढ़ो ने आकर रोक दिया। और प्रशासन के नाक के नीचे भूमि पर अवैध पिलर लगा कर कब्जा कर लिया। पुलिस भी निर्माण कार्य रोकने के लिए जाती रही। फिर भी चेतावनी के बाद निर्माण कार्य नहीं रुका। वही पीड़ित ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर पर पैमाईश के लिए शिकायत किया था। जिस पर एसडीएम सहजनवां ने टीम गठित किया जिसकी पैमाईश सोमवार को होनी थी। लेकिन मनबढ़ो ने भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा हैं। इस संदर्भ में एसडीएम सहजनवा दीपक कुमार गुप्ता ने कहा की राजस्व टीम द्वारा विवादित भूमि के पैमाईश कराई जायेगी। यदि अवैध कब्जा मिला तो हटाया जायेगा।

काग्रेस जिलाध्यक्ष ने मृतक के स्वजन से मिलकर दी सांत्वना

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। रविवार को पार्टी के निर्देश पर महराजगंज के कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष शरद कुमार सिंह बबलू मृतक प्रभात पाण्डेय के घर जाकर पीड़ित परिवार को सांत्वना देने के साथ परिवार को यह आश्वासन दिया कि कांग्रेस पार्टी उस दुःखद समय में आपके साथ है, आपकी लड़ाई पार्टी पूरी ताकत से लड़ेगी। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि चंद्रभूषण पाण्डेय, गोपाल शाही, तेज बहादुर पाण्डेय, इशितयाक अहमद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

गांवों में फार्मर रजिस्ट्री कैंप का हुआ आयोजनः किसानों को डिजिटल आईडी मिलेगी

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा तहसील अन्तर्गत क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत बड़गहन में फार्मर रजिस्ट्री कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 60 किसानों का ई-केवाईसी पूरा किया गया। यह कैंप क्षेत्र पंचायत सदस्य संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रविकान्त उर्फ लालू के नेतृत्व में लगवाया गया, जहां हल्का लेखपाल धर्मेंद्र यादव ने सत्यापन करते हुए बताये कि किसान खुद भी फार्मर रजिस्ट्री ऐप या वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ई-केवाईसी और पंजीकरण से सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता बढ़ेगी। किसानों को डिजिटल आईडी मिलेगी। जिससे वे, किसान सम्मान निधि योजना, फसल बीमा, कृषि ऋण और किसान क्रेडिट कार्ड जैसी सुविधाओं का लाभ आसानी से उठा सकेंगे। नए साल में किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिल पाएगा अगर किसान फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराते हैं तो बी टी एम बलवंत यादव ने बताया कि इस कैंप का उद्देश्य किसानों को सरकारी योजनाओं से जोड़ना और उनके दस्तावेजों का डिजिटल पंजीकरण करना है। यह प्रक्रिया 31 दिसंबर तक पूरी की जानी है। जिन किसानों की ई-केवाईसी और रजिस्ट्री नहीं होगी, उन्हें नए साल में किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिल पाएगा। कार्यक्रम में लेखपाल धर्मेंद्र यादव, बलवंत यादव इळ्ट, रविकान्त उर्फ लालू क्षेत्र पंचायत सदस्य संघ ब्लाक अध्यक्ष पिपरौली, ओमकार यादव, मंगरु यादव, राजू चतुवेर्दी, हरीराम यादव, आदर्श कुमार, राहुल, दुर्गेश कुमार, शिवनाथऔर अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। कृषि और राजस्व विभाग ने संयुक्त रूप से यह कैंप आयोजित किया। ताकि सभी किसानों का पंजीकरण समय पर पूरा किया जा सके।

फेसबुक पर हुई दोस्ती, दे दिया शादी का झांसा, पीड़िता ने दर्ज कराया केस

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के बाधागाड़ा निवासी अनिता पुत्री हरिश्चंद्र का फेसबुक के माध्यम से धर्मेंद्र पुत्र रामदुलारे से परिचय हुआ। चैटिंग के दौरान उसने कहा कि अविवाहित है। उसने शादी करने का झांसा दिया। पीड़िता के स्वजन के राजी होने पर शादी के लिए तैयार हो गए। जालसाज ने 13 दिसंबर 2024 को रस्म अदा करने के लिए तिथि निर्धारित किया। इस दौरान इसके पिता ने 8 लाख रुपए दहेज की मांग किया। रिश्तेदारों और स्वजन ने किसी तरह व्यवस्था बना कर 6.70 लाख रुपया दिया। 11 दिसंबर 2024 को सुबही लेकर गए। 13 दिसंबर 2024 को जालसाज, उसका भाई, बहनोई, फुफा और एक दर्जन लोग बारात लेकर आए। पिता का बारात में न आने की वजह पूछने पर जालसाजकने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल हो गए है। पीजीआई में भर्ती है। 14 दिसंबर 2024 को भोर में 5 बजे सभी फरार हो गए। जालसाज के घर जानकारी गए गो पड़ोस के लोग बताए कि इनके यहां कोई सादी नहीं है। 6 वर्ष पहले ही इसकी शादी हो चुकी है। और कोर्ट में मुकदमा चल था है। जानकारी मिलने पर पीड़िता के स्वजन के होश उड़ गए। और एसएसपी से शिकायत दर्ज कराई आदेश पर पुलिस ने धर्मेंद्र, पिता, भाई, बहनोई तथा अन्य के खिलाफ 61(2)82(1)35(3) दहेज परिषेध अधिनियम 1961 के तहत केस दर्ज कर लिया है।

बीजेपी नेत्री के साथ मारपीट

- पंचायत में लाठी डंडों से किया गया हमला, बच्चों के बीच हुआ था विवाद

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र की लक्ष्मी गार्डन कॉलोनी का एक सीसीटीवी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सीसीटीवी में दिख रहा है किस तरीके से कुछ लोग मारपीट कर रहे हैं। इसमें महिलाएं भी दिख रही हैं। जानकारी करने पर पता चला है कि गुरुवार शाम बच्चों में विवाद हो गया था। इसके बाद सुलहनामा भी हो गया था। शुक्रवार को बच्चों के विवाद में बड़े भिड़ गए। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। गाजियाबाद के थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र की लक्ष्मी गार्डन कॉलोनी में रहने वाली भारतीय जनता पार्टी की महिला नेत्री भावना बिष्ट ने बताया कि शाम पास पड़ोस के बच्चों में विवाद हो गया था। जिसमें उनके बच्चे भी शामिल थे। बाद में बच्चों ने माफी मांग कर मामला रफा दफा कर दिया था। भावना बिष्ट का आरोप है कि पंचायत जोड़ी गई जिसमें उनके परिवार पर लाठी डंडों से हमला किया गया। जिसमें कई लोग घायल भी हैं। इस मामले का सीसीटीवी भी सामने आया है। महिला नेत्री ने शासन प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया कि मामला पुलिस के संज्ञान में हैं पुलिस मामले की जांच कर रही है तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी।

इंटर कॉलेज के शिक्षक के साथ साइबर फ्रॉड

1 लाख 17 हजार रुपए की धोखाधड़ी, टोल फ्री नंबर पर की शिकायत

अमन लेखनी समाचार

अनूपशहर, कॉलेज में तैनात एक सहायक अध्यापक के साथ साइबर फ्रॉड का मामला सामने आया है। साइबर हैकर ने शिक्षक के मोबाइल को हैक करने के बाद उनके बैंक खाते से 1 लाख 17 हजार रुपए उड़ा लिए। इस मामले में पीड़ित अध्यापक की तहरीर पर अनूपशहर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंटर कॉलेज में सहायक अध्यापक के रूप में तैनात आज्ञाराम वर्मा ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि करीब दो महीने पहले उनका मोबाइल हैक कर लिया गया था। हैकर्स ने उनके मोबाइल से बैंक खाते की जानकारी प्राप्त की और कई बार उनके खाते से कुल 1 लाख 17 हजार रुपए उड़ा लिए। यह घटना तब सामने आई जब शिक्षक को उनके मोबाइल पर आए मैसेज से पैसे निकलने की जानकारी मिली। इसके बाद, उन्होंने साइबर टोल फ्री नंबर पर शिकायत की और साइबर थाना बुलंदशहर में भी तहरीर दी। फिर, साइबर थाने ने उन्हें अनूपशहर कोतवाली में अपनी शिकायत दर्ज करने की सलाह दी। जिसके बाद, उन्होंने अनूपशहर कोतवाली में अपनी शिकायत दी और पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। अनूपशहर साइबर टीम के प्रभारी एसआई पंकज सिंह ने साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता फैलाते हुए बताया कि किसी भी व्यक्ति को वॉट्सऐप पर एपीके फाइल डाउनलोड नहीं करनी चाहिए, क्योंकि यह फाइलें मोबाइल को हैक करने का जरिया हो सकती हैं। साथ ही,

उन्होंने कहा कि लोग वॉट्सऐप और ईमेल पर अपनी सिक्योरिटी पिन सेट करें ताकि साइबर फ्रॉड से बचाव हो सके। कोतवाली प्रभारी आयुषी सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस साइबर हैकिंग से जुड़े सभी पहलुओं की गहराई से जांच कर रही है, ताकि आरोपी को पकड़कर कड़ी कार्रवाई की जा सके।

मेरठ में एक दुकान में लगी आग

लाखों का सामान जला, शार्ट सर्किट बताई जा रही है वजह

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र की ढलाई वाली गली में मौजूद एक किराने की दुकान में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग से दुकान में मौजूद लाखों रुपए का कीमती सामान जलकर राख हो गया। दुकान में आग लगने की जानकारी मिलने पर दुकान मालिक ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पाकर एक फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया। दुकान मालिक के अनुसार उसकी दुकान में मौजूद करीब पांच लाख का माल जलकर राख हो चुका है। रशीद नगर की ढलाई वाली गली में फिरोज की किराने की दुकान है।

वह देर रात अपनी दुकान बंद कर घर चला गया था। लाइट कम ज्यादा होने के चलते दुकान में शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग लग गई। आसपास के लोगों ने मामले की जानकारी दुकान मालिक फिरोज को दी। सूचना पाकर वह मौके पर पहुंच गया और आग लगने की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी सूचना पाकर एक फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई और आसपास के लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया। वहीं फिरोज का कहना है कि उसकी दुकान में मौजूद करीब 5 लाख रुपए का माल जलकर राख हो चुका है। फिरोज ने बताया कि लाइट काम ज्यादा होने के चलते कॉलोनी के लोगों के लाखों रुपए के उपकरण भी सूख गए हैं। वही फायर ब्रिगेड के अधिकारी आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं।

बुलंदशहर में 5 साल से फरार गोकश मोटा गिरफ्तार

10 साल से फरार वारंटी भी हत्थे चढ़ा, राशिद पर दर्ज हैं 19 मुकदमे

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, गुलावठी पुलिस ने सालों से फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने पांच साल से फरार चल रहे गैंगस्टर-गौकश राशिद उर्फ मोटा और 10 साल से पुलिस की पकड़ में नहीं फंसने वाले वारंटी जगवीर को भी दबोच लिया है। गुलावठी कोतवाली प्रभारी सुनीता मलिक ने अपनी टीम के साथ पुलिस कप्तान श्लोक कुमार के निर्देशन में अपराधियों को दबोचने के लिए चलाए हुए अभियान पर काम करते हुए 2019 से फरार चल रहे शातिर गैंगस्टर/हिस्ट्रीशीटर अपराधी राशिद उर्फ मोटा को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाल सुनीता मलिक के साथ, एसआई राजवीर सिंह, मनीष कुमार, कांस्टेबल अरूण कुमार और अंकुर मलिक शामिल रहे। राशिद उर्फ मोटा गुलावठी के मोहल्ला पीरखां का रहने वाला है और उस पर गुलावठी कोतवाली में जहां 19 मुकदमे दर्ज हैं। वहीं दो मुकदमे हाफिजपुर थाने में भी दर्ज हैं। पांच साल में यह अपराधी, पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ था। पुलिस के मुताबिक राशिद उर्फ मोटा इलाके में गौकशी का सरगना माना जाता है और इस पर अधिकतर मुकदमें गौकशी के ही दर्ज हैं। इसी के साथ दूसरी कामयाबी के रूप में गुलावठी पुलिस ने 10 साल से फरार चल रहे स्थायी वारंटी जगवीर पुत्र रामफल थाना पिलखुआ को भी गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी सुनीता मलिक के नेतृत्व में उप-निरीक्षक संजीव कुमार, हेड कांस्टेबल मोहित कुमार ने जगवीर को पकड़ने में कामयाबी हासिल की।

गाजियाबाद में युवक ने लगाई फांसी

गृह क्लेश के चलते आत्महत्या करने का अंदेशा, ट्रेन की चपेट में आने से एक की मौत

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, मोदीनगर के मुरादनगर की बिलाल मस्जिद कॉलोनी में एक युवक ने पंख से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। बिलाल मस्जिद कॉलोनी निवासी शौकीन परिवार सहित रहते हैं। उनका पुत्र 26 वर्षीय पुत्र फारुख पुताई का काम करता था। वह अपने कमरे में गया। जब वह काफी देर तक बाहर नहीं आया तो परिजनों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन वह नहीं खुला। जब परिजनों ने दरवाजा तोड़ा तो देखा कि वह पंखे पर रस्सी से लटका हुआ था। बताया जा रहा है कि उसने गृह क्लेश के चलते रस्सी से पंखे से लटककर आत्महत्या की है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके अलावा मोदीनगर की विजयनगर रेलवे फाटक के पास बुधवार रात को ट्रेन की चपेट में आकर गांव सारा निवासी एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने अनुसार विजयनगर रेलवे फाटक के पास देर रात बारह बजे के आसपास ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक की मौत की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक की शिनाख्त संजय त्यागी पुत्र सतीश त्यागी निवासी गांव सारा थाना निवाड़ी के रूप में हुई है। मृतक के परिवार में पत्नी व दो बच्चे हैं। मृतक खेती करके परिवार का लालन पालन करता था। पुलिस अन्य पहलुओं को ध्यान में रखकर भी मामले की जांच कर रही है।

कड़ी सुरक्षा के बीच दोनों पालियों में संपन्न हुई पीसीएस परीक्षा

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। यूपीपीसीएस प्री परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच सकुशल संपन्न कराई गई। कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में अभ्यर्थियों को रेटिना स्कैनर से पहचान करके अंदर प्रवेश दिलाया गया। यहां पर एडीएम न्यायिक व सीओ सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा। रविवार को कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में आयोजित यूपीपीसीएसपी परीक्षा में अभ्यर्थियों का रेटिना स्क्रीन करके केंद्र में प्रवेश दिलाया गया ताकि कोई दूसरा बैठकर परीक्षा न दे सके। यहां पर एडीएम न्यायिक डा. नागेंद्रनाथ यादव, सीओ सहित थानाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। कुरारा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने दो दिन पूर्व घर में घुसकर नाबालिग पुत्री के साथ जबरन दुष्कर्म करने की तहरीर आरोपी के खिलाफ थाने में दी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कुरारा क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने तहरीर देकर बताया कि बीस दिसंबर की रात को गांव निवासी युवक ने रात में घर में घुसकर उसकी नाबालिग पंद्रह वर्षीय पुत्री के साथ जबरन दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर जब तक वह लोग उसके पास गए तब तक वह भाग निकला। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष ने बताया है कि आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

हादसे में जान गवांने वाली वृद्धा के परिजनों को सपाईयों ने बधांया ढांढस

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। शनिवार को नेशनल हाईवे में हुए सड़क हादसे में जान गंवाने वाली वृद्धा के घर पहुंचकर सपाइयों ने सांत्वना देते हुए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। शनिवार को कस्बे के इमिलिया थोक निवासी बाबूलाल कुटार की पत्नी राजरानी को बेकाबू ट्रक ने हाइवे किनारे बड़े पावर हाउस के समीप रौंद दिया था। इस घटना में राजरानी की मौके पर ही मौत हो गई थी। रविवार को सपा जिलाध्यक्ष इदरीश खान के नेतृत्व में पहुंचे सपा के प्रतिनिधि मंडल में शोकाकुल परिवार को सांत्वना देकर ढांढस बधाते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नंदकिशोर शिवहरे, प्रदेश सचिव महिला सभा सोनिया सोनी, ओपी सोनकर वारसी, सलीम खान, सबीना खातून, जगमोहन यादव, सपा नगर अध्यक्ष सभासद गोपाल बजाज, रामबाबू सोनी आदि मौजूद रहे।

मधुमक्खियों के हमले में दो किसान घायल सीएचसी पर चल रहा इलाज

कूरेभार सुल्तानपुर की सुबह कूरेभार थाना क्षेत्र के बभनगंवा गांव में अचानक मधुमक्खियों ने पशुशाला में बंधे जानवरो पर हमला बोल दिया।पशुओं को बचाने पहुँचे सुधीर दूबे व कौशल किशोर दूबे घायल हो गये, किसी तरह ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों सहित घायल दो पशुओं को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

संवाद से संकटों के हल खोजना भारत की विशेषता: प्रो.संजय द्विवेदी

पीआरएसआई के 46 वें राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल हुए देशभर के 200 जनसंपर्क विशेषज्ञ

अमन लेखनी समाचार

रायपुर। भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी), नई दिल्ली के पूर्व महानिदेशक प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी का कहना है कि भारत ने संवाद से संकटों का हल खोजने की अनोखी विधि विकसित की थी। हमारी परंपरा में संवाद कभी व्यवसाय का विषय नहीं था, उसका उद्देश्य लोकमंगल ही रहा है। वे यहां 46वें राष्ट्रीय जनसंपर्क सम्मेलन के दूसरे दिन आयोजित सत्र को अध्यक्ष की आसंदी से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन वैचारिक 'कुंभ' के समान है, जिसमें विचारों का आदान-प्रदान और ज्ञान की साझा किया जाता है। उन्होने कहा कि जनसंपर्क संवाद युक्त समाज का निर्माण करता है, जो समाज में समझ और सहयोग को बढ़ाता है। इसके माध्यम से हम लोगों के बीच सामंजस्य और सशक्त संबंध स्थापित करते हैं। प्रो. द्विवेदी ने यह उल्लेख किया कि सभ्यता के इतिहास में हम विश्व के पहले कहानीकार (स्टोरी टेलर) हैं, हमारी कहानियाँ ना केवल मनोरंजन का साधन होती थीं, बल्कि समाज के नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों को भी प्रकट करती थीं। इसके अलावा, उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा की विशेषता बताते हुए हुए कहा कि हम पेटेंटवादी नहीं हैं, बल्कि हमारा ज्ञान और विरासत मानवता की भलाई के लिए है। इस प्रकार, जनसंपर्क सम्मेलन में भारतीय समाज की सामूहिकता और ज्ञान के महत्व को प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया है।

पहले तकनीकी सत्र में कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार विश्वेष ठाकरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि जनसंपर्क में विनम्रता अत्यंत महत्वपूर्ण होती है क्योंकि यह संवाद को सकारात्मक और प्रभावी बनाता है। पत्रकारिता में तटस्थता की आवश्यकता इसलिए है ताकि जानकारी सही, निष्पक्ष और बिना किसी पक्षपाती नजरिए के प्रस्तुत की जा सके। इस तरह से समाज में विश्वास और सामंजस्य बनाए रखा जा सकता है। आजकल सोशल मीडिया एक प्रमुख प्लेटफॉर्म बन गया है जहां लोग जल्दी और व्यापक रूप से संवाद करते हैं। यह जनसंपर्क और संचार के क्षेत्र में एक शक्तिशाली उपकरण बन चुका है, जो कंपनियों, संगठनों और व्यक्तियों को अपने संदेशों को बड़े पैमाने पर फैलाने में मदद करता है। उन्होने बताया कि संचार ही संबंध की रीढ़ है, किसी भी प्रकार के संबंध का मूल आधार है। चाहे व्यक्तिगत संबंध हों या पेशेवर, किसी भी प्रकार के संबंध में स्पष्ट और प्रभावी संचार आवश्यक होता है। कार्यक्रम में पीआईएसआई के अध्यक्ष डा.अजीत पाठक, पूर्व सांसद नंदकुमार साय, साहित्यकार गिरीश पंकज, लोक गायक पद्मश्री से अलंकृत भारती बंधु, सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी आलोक अवस्थी, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो.अविनाश वाजपेयी, प्रो.पवित्र श्रीवास्तव सहित देश भर से आए 200 जनसंपर्क अधिकारी और जनसंचार विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

मांगे पूरी नहीं की जाती तो क्रमिक अनशन से होगा आमरण अनशन

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। अधिवक्ताओं के अनशन के तीसरे दिन तहसील का कोई भी अधिकारी उनकी मांगों को सुनने के लिए नहीं पहुंचा जिससे अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने चेतावनी देते हुए बताया कि यदि उनकी मांगे पूरी नहीं की जाती तो क्रमिक अनशन को आमरण अनशन में बदल दिया जायेगा।

तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर अधिवक्ताओं ने जमकर नारे बाजी की।कुछ अधिवक्ताओं ने तो यहां तक कहा कि जब तक तहसीलदार का स्थानांतरण नहीं हो जाता वह उनके न्यायालय में नहीं जाएंगे। कुछ अधिवक्ताओं ने बताया कि तहसीलदार बीस प्रतिशत से ज्यादा मामलों की सुनवाई नहीं करते और लंबित मामले छः माह तक पड़े रहते हैं। जिनकी सुनवाई नहीं हो पाती है जिससे आम जनमानस को न्याय नहीं मिल पाता है। अधिवक्ताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि मौदहा का अधिवक्ता संघ जब कोई मांग उठाता है तो उसको पूरा कराने के लिए संघर्ष करता है। रविवार को क्रमिक अनशन के तीसरे दिन अधिवक्ता ज्ञानचंद द्विवेदी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी नौ सूत्रीय मांगे पूरी नहीं की जाती तो क्रमिक अनशन को आमरण अनशन में बदल दिया जायेगा। हरिप्रकाश गुप्ता, सौरभ तिवारी आदि ने बताया कि जिले की अन्य तहसीलों से सहयोग धीरे-धीरे मिल रहा है। यदि अधिवक्ताओं की मांगे पूरी नहीं की जाती तो अनशन जारी रहेगा। अनशन पर बैठे संयोग कुमार प्रजापति, ज्ञानचंद द्विवेदी, राम प्रकाश प्रजापति, सौरभ तिवारी, हरिप्रकाश गुप्ता रामखिलावन, अमित कुमार प्रजापति आदि अधिवक्ताओं ने जोरदार विरोध करते हुए तहसीलदार मुदार्बाद के नारे लगाते हुए विरोध जताया।

डॉ. संदीप के मुख्य आतिथ्य में बम्होरी चैलेंज कप का हुआ शुभारंभ

उद्घाटन मैच में परवई इलेवन ने दिल्ली इलेवन को हराकर जीत दर्ज की

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव

झाँसी। जनपद के मऊरानीपुर स्थित बम्होरी में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मोतीलाल नायक ग्रीन पार्क स्टेडियम में बम्होरी चैलेंज कप का आयोजन किया गया। यह अंतर्जनपदीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का द्वितीय आयोजन है। इस प्रतियोगिता के प्रथम दिवस पर उद्घाटन मैच में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद के प्रतिष्ठित समाजसेवी डॉ० संदीप सरावगी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में बृजेश नामदेव एवं संदीप नामदेव उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के आगमन पर माल्यार्पण, तिलक एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात डॉ० संदीप ने दोनों टीमों से हाथ मिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। इसके पश्चात टॉस कर क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। परवई इलेवन व दिल्ली इलेवन द्वारा उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया गया। जिसमें परवई इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवरों में 9 विकेट पर 120 रन बनाए वहीं दिल्ली इलेवन 7.4 ओवर में 58 रन पर ही सिमट गई। परवई इलेवन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उद्घाटन मैच में जीत हासिल की। उद्घाटन मैच का संचालन संतोष नामदेव ने किया एवं कमेटी सदस्यों के रूप में आशीष नायक, हर्ष नायक, नरेंद्र नायक, सौरभ प्रजापति, रामबहार कुशवाहा उपस्थित रहे। उद्घाटन मैच के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे, जिन्होंने समय-समय पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए मैच को और अधिक रोमांचक बना दिया। इस अवसर पर संघर्ष सेवा समिति से राजू सेन, प्रमेंद्र सिंह, अनुज प्रताप सिंह, आशीष विश्वकर्मा, अरुण पांचाल, राकेश अहिरवार, दीपक यादव, कमल मेहता, मास्टर मुन्नालाल, सुशांत गेड़ा, महेंद्र रायकवार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

सक्षम जिला इकाई फतेहपुर द्वारा परिवार सम्मेलन का सफल आयोजन

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद फतेहपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुसांगिक संगठन समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल (सक्षम) की जिला इकाई द्वारा कुटुम्ब प्रबोधन (परिवार सम्मेलन) कार्यक्रम का आयोजन रविवार को स्थानीय अयोध्या कुटी में सम्पन्न हुआ।इस कार्यक्रम का उद्देश्य सक्षम संगठन के सभी दायित्वधारी एवं दिव्यांग मित्रों एवं दिव्यांग जनों के परिवार जनों के एक निश्चित स्थान पर एकत्रीकरण एवं आपसी पारिवारिक परिचय एवं समरसता का वातावरण बनाना है।इस कार्यक्रम में कानपुर प्रांत के कोषाध्यक्ष एवं जनपद बांदा से जुड़े शान्ति भूषण का पाथेय प्राप्त हुआ। प्रान्तीय पदाधिकारी ने फतेहपुर के कार्यकताओं की लगन एवं निष्ठा की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए उन्हें संगठन की अमूल्य धरोहर के रूप में परिभाषित किया और संगठन के आगामी कार्यक्रमों से अवगत कराया।स्थानीय कार्यकर्ता एवं कानपुर प्रांत के उपाध्यक्ष पियूष द्विवेदी ने सक्षम की स्थापना एवं उद्देश्य से उपस्थित जनसमुदाय को अवगत कराया। साथ ही इस भव्य आयोजन के लिए फतेहपुर जिला इकाई के सभी साथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

जिला सचिव सीताराम सिंह चौहान ने कार्यक्रम का विधिवत संचालन करते हुए कार्यक्रम को मूर्त रूप प्रदान किया।जिला कोषाध्यक्ष दिनेश चंद्र त्रिपाठी ने प्रांत कोषाध्यक्ष का अंगवस्त्र पहना कर स्वागत किया।कार्यक्रम के अंत में जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र गुप्त ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उन्हें स्वल्पाहार हेतु आमंत्रित किया।इस अवसर पर अर्चना अग्रहरि अध्यक्षा महिला आयाम, डॉ नवनीत श्रीवास्तव अध्यक्ष अस्थिबाधित प्रकोष्ठ, राजेश कुमार अध्यक्ष रोजगार आयाम, रणविजय सिंह कार्यालय प्रभारी, विभा मिश्रा सह प्रभारी एडवोकेसी आयाम, शिव प्रसाद त्रिपाठी सेवा केन्द्र संचालक, लकी साहू सह मीडिया प्रभारी, जितेन्द्र त्रिवेदी, हरी चौरसिया, शैलेंद्र कुमार रस्तोगी, सुरेन्द्र जायसवाल, समीर मिश्र, संजीव श्रीवास्तव, स्वदेश पुरवार, दीपक सिंह, भानु प्रताप जौहरी, आशीष अग्रहरि, सर्वेश शुक्ल ,इत्यादि आधा सैकड़ा से अधिक कार्यकर्ता बन्धुओं एवं दिव्यांग मित्रों व दिव्यांग जनों ने सहभागिता की।

जनपद के प्रभारी मंत्री का दौरा,वीर बाल दिवस संगोष्ठी में हुए सम्मिलित

-प्रभारी मंत्री ने किसानों की शिकायत पर तहसीलदार व खरीद प्रभारियों को लगाई फटकार

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर।जनपद में राज मंत्री जल शक्ति विभाग उत्तर प्रदेश के मंत्री रामकेश निसाद का एक दिवसीय दौरा हुआ।प्रभारी मंत्री अपने तय समय से जनपद बाँदा के सर्किट हाउस से बाँया बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे होते हुए अपने तय समय पर जनपद के राठ पहुँचे।जहाँ उनका भाजपाइयों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कस्वा के गुरुद्वारा में वीर बाल दिवस संगोष्ठी में सम्मिलित हुए।तदुपरांत उन्होंने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की।इस दौरान जनपद के कृषकों से मिले जहाँ कृषकों ने प्रभारी मंत्री से मूंगफली खरीद में गोदाम प्रभारियों द्वारा की जा रही लापरवाहियों की शिकायत की जिस का संज्ञान ले प्रभारी मंत्री ने कस्वा के चारों खरीद केंद्रों के प्रभारियों व राठ तहसीलदार को कड़ी फटकार लगाई।इस दौरान उन्होंने कहा कि किसानों क़्क मूंगफली की खरीद सरकार के मंशानुसार होनी चाहिए अगर जरा खरीद में लापरवाही सामने आई तो कार्यवाही की जाएगी।इस दौरान उन्होंने मौजूद अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सरकार से संचालित योजनाओं का संचालन सुचारू रूप से किया जाय ताकि गरीबो को ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ मिल सके तदुपरांत वह कार द्वारा पुनः सर्किट हाउस बाँदा लौट गए।इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती सन्तराम राजपूत, राठ विधायक मनीष अनुरागी ,जिला अध्यक्ष सुनील पाठक, अल्पसंख्यक मोर्चा की जिला अध्यक्ष अमरजीत अरोड़ा ,नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष आराधना राजपूत, पूर्व विधायक अम्बेश कुमारी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमरचंद अनुरागी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि संतराम राजपूत, पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता जिला मंत्री नरेंद्र सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष रामसेवक राजपूत।

श्री गुरु गोविन्द सिंह के साहबजादों की सहादत दृढ़ संकल्प : राज्य मंत्री

अमन लेखनी समाचार

गौरीगंज अमेठी।गौरीगंज स्थित भाजपा जिला मुख्यालय पर वीर बाल दिवस की शहादत की विषयक गोष्ठी का आयोजन जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में तिलोई के लोकप्रिय विधायक उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह रहे। गोष्टी को जिला महामंत्री केशव सिंह ने भी संबोधित किया। गोष्ठी का संचालन जिला महामंत्री सुधांशु शुक्ला ने किया।

राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने बतौर मुख्य वक्ता संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा साहिबजादे के ऊपर धर्म परिवर्तन के लिए कहा गया लेकिन साहिबजादे ने गरज कर जवाब देते थे कि हम अपने गुरु पिताजी के आगे सिर झुकाते हैं किसी को सलाम नहीं करते हमारी लड़ाई अन्याय धर्म और जुल्म के खिलाफ है हम तुम्हारे जुल्म के खिलाफ प्राण दे देंगे लेकिन झुकेंगे नहीं।मुगलों के पास लाखों की सी थी तो गुरु के वीर साहब जड़ों के पास साहस था वह अकेले होते हुए भी मुगलों के सामने झुके नही आगे अपने संबोधन में कहा कि वीर साहिबजादे द्वारा प्रदर्शित साहस और दृढ़ संकल्प एक प्रमाण के रूप में खडा है प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गोष्ठी के अंत में शाहिद ज्यादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह के बलिदान पर 2 मिनट का मौन रखा गया।

इस अवसर पर चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी पूर्व विधायक, कृष्ण कुमार सिंह मुन्ना ब्लॉक प्रमुख तिलोई भवानी दत्त दीक्षित जिला उपाध्यक्ष राकेश त्रिपाठी जिला महामंत्री प्रभात शुक्ला मनोज जायसवाल, उमेश सिंह ब्लाक प्रमुख गौरीगंज अवधेश सिंह सहित सैकड़ों भाजपाई उपस्थिति रहे

खबर का असर : तहसीलदार ने अवैध कब्जा धारक को दी हिदायत

मौके पर पहुंचे प्रशासन ने निर्माण कार्य को रोकने का दिया निर्देश

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अमौली कस्बे से फतेहपुर जाने वाले मुख्य मार्ग के किनारे बेस कीमती चक मार्ग गाटा संख्या 1067 पर मुकदमा दर्ज होने के बाद भी अवैध कब्जा धारक संतोष सचान पुत्र कुडहादीन निवासी सरहन खुर्द चोरी से निर्माण कार्य पर आमादा था जिसकी शिकायत सरहन खुर्द निवासी वीरेंद्र प्रताप ने समाधान दिवस में लिखित रूप से प्रस्तुत की वही यह खबर जोर-जोर से व्हाट्सएप ट्विटर इत्यादि में वायरल हुई तथा अमन लेखनी हिंदी दैनिक समाचार पत्र में विस्तृत रूप से प्रकाशित की गई मामले को त्वरित संज्ञान में लेकर फतेहपुर पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने स्थानीय थाना चांदपुर को जांच करते हुए विधिक कार्रवाई का निर्देश दिया समाचार पत्रों की खबरों को संज्ञान में लेकर राजस्व विभाग की टीम के साथ नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे तथा अवैध कब्जा धारक संतोष सचान को बुलाकर कार्य को तुरंत रोकने तथा निर्माण कार्य बंद करने का निर्देश दिया मौके पर पहुंची प्रशासन थाना अध्यक्ष चांदपुर एवं नायबतहसीलदार ने अवैध कब्जा धारक के ऊपर पूर्व काल में दर्ज मुकदमे का निर्णय होने तक कोई भी कार्य न करने की चेतावनी दी तथा बिल्डिंग में लगी बस बल्ली शटरिंग को तत्काल खुलवाने का निर्देश दिया।

बगैर शिक्षा के समाज का भला नहीं-सदर विधायक

भव्य शोभायात्रा के बाद श्री सुमेरदेव सेवा समिति ने मनाई महाराजा की जयंती

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। सुमेरपुर कस्बे के दुग्ध डेयरी मार्ग के एक गेस्ट हाउस में श्री सुमेरदेव सेवा समिति द्वारा आयोजित महाराजा सुमेर सिंह खंगार की जयंती पर वक्ताओं ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करके शिक्षा दिलाने पर जोर दिया।इसके पूर्व सुमेरपुर कस्बे में गाजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक डा. मनोज कुमार प्रजापति ने कहा कि बगैर शिक्षा के किसी भी जाति और समाज का उत्थान नहीं हो सकता है। लिहाजा खंगार समाज भी अपनी बेटियों व बेटों की शिक्षा पर जोर दे। तभी समाज का उत्थान होगा। उन्होंने महाराजा सुमेर देव की प्रतिमा लगवाने की घोषणा की। इसके पूर्व खंगार समाज ने कस्बे में गाजे बाजे के साथ नयनाभिराम झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली। इसमें सैकड़ो लोग शामिल रहे। जयंती समारोह को भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बृजकिशोर गुप्ता, श्री सुमेरदेव सेवा समिति के जिलाध्यक्ष अशोक सिंह फौजी, किशोर सिंह, मानसिंह, रामराज आदि ने संबोधित किया। इस मौके पर मानसिंह, देवेंद्र सिंह दीनू, यशवीर सिंह, दीपक खंगार, ज्ञान सिंह, कामता सिंह, करण सिंह, उत्तम सिंह, अमर सिंह, जय सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के आयोजक अशोक सिंह फौजी ने सभी के प्रति आभार जताया। संचालन उत्तम सिंह ने किया।

25 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व ह्लनशा मुक्त अमेठी अभियानह्वमे उ0नि0 घनश्याम यादव थाना मुसाफिरखाना मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त मोहम्मद नासिर पुत्र स्व0 नसीम निवासी ग्राम तकिया जमुवारी नगेशरगंज नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया ।तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से 25 ग्राम स्मैक बरामद हुआ । गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

क्षेत्र पंचायत सदस्य के आकस्मिक निधन पर बीडीओ व ब्लाक प्रमुख ने परिजनों को दी आर्थिक मदद

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर।विकासखंड के अतरैया गांव के क्षेत्र पंचायत सदस्य के आकस्मिक निधन पर खंड विकास अधिकारी व ब्लाक प्रमुख सहित अन्य लोगों ने मृतक परिवार को आर्थिक मदद के साथ हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है। इसी क्रम में खंड विकास अधिकारी व ब्लाक प्रमुख ने मृतक परिवार को 25 हजार रुपये की आर्थिक मदद प्रदान की।इसके साथ ही उन्होंने मृतक परिवार को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है।

बताते चलें कि अतरैया के बीडीसी सदस्य रामप्रकाश खंगार 40 वर्ष की गत मंगलवार की रात करीब 8 बजे सीने में तेज दर्द होने पर बांदा ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई थी। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया था। घटना की जानकारी होने पर खंड विकास अधिकारी विपिन कुमार, क्षेत्र पंचायत सदस्य राजनरायन यादव, लालाराम यादव आदि ने मृतक के घर पहुंचकर ढांढस बंधाया था। मृतक परिवार को मदद करते हुये खंड विकास अधिकारी विपिन कुमार व ब्लाक प्रमुख जयनरायन सिंह यादव ने आज मृतक क्षेत्र पंचायत सदस्य के घर पंहुचकर परिजनों को 25 हजार रुपये की आर्थिक मदद देते हुये हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



क्रिसमस स्पेशल
25 दिसंबर

ईसा मसीह ने सभी से प्रेम करने और करुणामय होने का संदेश दिया। ऐसे में उनके जन्मोत्सव क्रिसमस को मनाने की सार्थकता तभी है, जब हम दूसरों के दुख बांटकर उनको सुख का अहसास कराएं। क्रिसमस का यही मूल संदेश है, जो हमें जीवन के सार्थक उद्देश्य से जोड़ता है। आइए, हम सब भी प्रभु यीशु के संदेश को आत्मसात करते हुए क्रिसमस का पावन पर्व मनाएं।

कवर स्टोरी
डॉ. यशोधरा भटनागर

क्रिसमस का मूल संदेश सभी के प्रति हो करुणा का भाव

क्रिसमस केवल रोशनी करने, उपहार बांटने और उल्लास का पर्व नहीं है। यह पर्व उस मानवीय अनुभूति को जागृत करता है, जिसमें दूसरों के दुख में सहानुभूति प्रकट करने और मदद करने का आनंद छुपा होता है। ईसा मसीह का जन्म और उनके अवतारी जीवन की शिक्षाएं, हमें यह याद दिलाती हैं कि दुनिया में सबसे उदात्त भावना करुणा है।

दूसरों के दुख साझा करने का सुख

ईसा मसीह ने अपने जीवन से पूरी मानवता को यह सिखाया कि सच्चा सुख, दूसरों की सेवा और सहायता करने में है। यह त्योहार हमें उन मूल्यों का स्मरण कराता है, जो मानवता को पोषित करते हैं। प्रेम, सहानुभूति और एक-दूसरे के साथ सुख-दुख साझा करने का संदेश भी इस पर्व में निहित है। ईसा मसीह ने अपने जीवनकाल में हर उस व्यक्ति के दुख को समझा, जो उपेक्षित थे, हाशिए पर थे। चाहे वह कोई रोगी हो या कोई असहाय, ईसा मसीह ने हर किसी को अपनाया और उनके जीवन में आशा का प्रकाश फैलाया। क्रिसमस उसी भावना का उत्सव है, जिसमें हम ना केवल अपने सुख का आनंद लें, बल्कि दूसरों के कष्टों को बांटकर उनके जीवन को भी बेहतर बनाएं।

सर्दियों की ठंडी रातों में, जब लोग अपने घरों में आराम करते हैं, तो ऐसे कई लोग होते हैं, जो अकेलेपन, गरीबी और भूख से जूझ रहे होते हैं। क्रिसमस हमें याद दिलाता है कि हम अपने समय, संसाधनों और सहानुभूति को दूसरों के साथ साझा करें। दुख बांटने का यह सुख ना केवल उस व्यक्ति को राहत देता है, बल्कि हमारे हृदय को भी सच्ची खुशी से भर देता है।

दूसरों के चेहरे पर लाएं मुस्कान

सर्दियों की ठंडी रातें और क्रिसमस की घंटियों की मधुर ध्वनि हमें अपने भीतर झांकने को कहती हैं। यह समय है, जब हम अपने आस-पास के लोगों की जरूरतों को भी समझें। चाहे वह कोई अकेला वृद्ध हो, कोई असहाय परिवार या कोई बच्चा, जो खिलौने की प्रतीक्षा कर रहा हो। क्रिसमस हमें प्रेरित करता है कि हम दूसरों का दुख बांटकर उनके चेहरे पर मुस्कान लाएं।

80 वर्षीय अभय जी का जीवन इस बात का उदाहरण है कि अकेलापन और दुख कितना भारी हो सकता है! सात साल पहले उनकी पत्नी का निधन हो गया, लेकिन आज भी वह उसके जन्मदिन पर अकेले दीवारों से बात करते हैं। उनके दुख को साझा करने वाला कोई नहीं है। तभी क्रिसमस के अवसर पर कैरोल गाता आस-पड़ोस युवाओं का समूह उनके घर का दरवाजा खटखटाता है। उन सबके स्नेह और अपनेपन को देखकर अभय जी की आंखों में एक चमक और होंठों पर एक मुस्कान आ जाती है।

इसी प्रकार कितने ही लोगों के जीवन में हम खुशियां भर सकते हैं। हम अपने आस-पास के अकेले और दुखी लोगों की जरूरतों को समझें और उनके साथ अपना समय साझा करें।

खुशियां बांटने की प्रेरणा देते सांता क्लॉज

क्रिसमस का अनिवार्य हिस्सा सांता क्लॉज भी हैं। वह केवल बच्चों को उपहार देने वाले दयालु व्यक्ति नहीं हैं, बल्कि मानवता के लिए करुणा और खुशियां बांटने के प्रतीक भी हैं। सांता क्लॉज का बच्चों को उपहार देना केवल उन्हीं को खुशी देने का जरिया नहीं है, बल्कि यह हमें सिखाता है कि हम भी किसी के जीवन में सांता बनें। किसी भूखे को भोजन देना, किसी निराश को सहारा देना और किसी अकेले को साथ देना। यही वो कार्य हैं, जो क्रिसमस की मूल भावना को पोषित करते हैं। जब हम किसी दूसरे के लिए सांता बनते हैं तो हम ना केवल उनकी जरूरतों को पूरा करते हैं, बल्कि उनके जीवन में खुशी और उम्मीद की किरण जगाते हैं। क्रिसमस के अवसर पर, अनाथालयों में खिलौने और कपड़े दान करना, भूखों के लिए फूड ड्राइव आयोजित करना या किसी वृद्धाश्रम में कुछ समय बिताना, हमें दुख बांटने के सुख का अनुभव कराता है।

समाज में क्रिसमस का प्रभाव

क्रिसमस केवल व्यक्तिगत आनंद का त्योहार नहीं है। यह सामाजिक समरसता और मानवीय विकास का माध्यम भी है। दूसरों के दुख बांटते हुए, हम एक ऐसे समाज का निर्माण करते हैं, जो सहानुभूतिपूर्ण और सहिष्णु हो। ऐसे समाज में रिश्ते गहरे होते हैं, जिससे सामूहिक विकास का मार्ग प्रशस्त होता है।

चार्ल्स डिकेंस की कृति, 'क्रिसमस कैरल' भी दुख बांटने के सुख की महत्ता को उजागर करती है। इस कहानी में एबेनेजर स्क्रूज का हृदय परिवर्तन यह दिखाता है कि जब वह अपने धन का उपयोग दूसरों के दुख को कम करने में करता है, तो उसका जीवन कितना सार्थक हो जाता है।

हर प्रतीक में निहित शाश्वत संदेश

क्रिसमस मनाने का हर प्रतीक, चाहे वह क्रिसमस ट्री हो, उपहारों का आदान-प्रदान हो या कैरोल गाने की परंपरा। दुख बांटने और खुशी फैलाने की ही प्रेरणा देता है, उसमें यही शाश्वत संदेश निहित होते हैं। जब हम किसी भूखे को भोजन देते हैं, किसी ठिठुरते हुए को गर्म कपड़े देते हैं या किसी उदास व्यक्ति के साथ समय बिताते हैं, तो हम क्रिसमस के मूल मानवीय संदेशों को ही जीते हैं। जब हम दूसरों का दुख बांटते हैं तो हम स्वयं को ईसा मसीह की शिक्षाओं के करीब पाते हैं। यह पर्व केवल उत्सव और सजावट तक सीमित नहीं होना चाहिए, इसे दूसरों के जीवन में रोशनी भरने का अवसर बनाना चाहिए। अपने घर, समाज और विश्व में दुख बांटने के इस चक्र को निरंतर चलाते हुए हम इस त्योहार को एक सच्चे मानवीय अनुभव का रूप दे सकते हैं। यही क्रिसमस का असली संदेश है और यही जीवन को सार्थक और सुंदर बनाने का सबसे सुंदर तरीका। *

सेलिब्रेशन
धीरज बसाक

क्रिसमस केवल पश्चिमी देशों या ईसाई धर्म के लोगों का नहीं, पूरी दुनिया में मनाया जाने वाला पर्व बन गया है। अपने देश के लगभग सभी राज्यों में भी इसे मनाया जाता है। इस दौरान धार्मिक आस्था के साथ प्रेम और उल्लास की बहुरंगी छटा देखी जा सकती है।

पूरे देश में दिखती है प्रेम-उल्लास की छटा

हर साल 25 दिसंबर को जीसस क्राइस्ट के जन्मदिन के उपलक्ष्य में क्रिसमस का पर्व पूरी दुनिया में खूब धूमधाम से मनाया जाता है। यह ईसाई धर्म का सबसे बड़ा त्योहार है। लेकिन समय के साथ यह धर्म, जाति और भौगोलिक सीमाओं को तोड़ते हुए एक वैश्विक उत्सव बन गया है। यही वजह है कि भारत में भी क्रिसमस ना केवल ईसाई समुदाय के लिए बल्कि विभिन्न धर्मों और समुदाय के लोगों के लिए भी खुशी, प्रेम, उल्लास और एकता का प्रतीक बन गया है।

होते हैं विशिष्ट आयोजन: अपने देश के सभी चर्चों में क्रिसमस के दिन प्रार्थनाएं, सामूहिक पूजा और बाइबिल के विशेष पाठ किए जाते हैं। भारत में क्रिसमस एक बहु-सांस्कृतिक पर्व बन गया है। शहरों और कस्बों में क्रिसमस ट्री, रोशनी और सजावट इस मौके पर देखते ही बनती है। क्रिसमस धार्मिक सीमाओं को तोड़ते हुए लोगों को एक साथ लाता है। देश के कई हिस्सों में क्रिसमस के दौरान खूब चहल-पहल रहती है। गोवा, केरल, मिजोरम, नागालैंड, मेघालय जैसे राज्यों और मुंबई, कोलकाता जैसे महानगरों में क्रिसमस का पर्व खूब धूमधाम से मनाया जाता है। इस मौके पर पारंपरिक ईसाई परंपराओं के साथ-साथ देश के कुछ रीति-रिवाज भी जुड़ गए हैं।

गोवा: गोवा में क्रिसमस एक शानदार सांस्कृतिक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। जहां यह सिर्फ ईसाईयों का त्योहार नहीं है बल्कि सभी गोवावासियों का त्योहार बन गया है। भारत में गोवा ही वह जगह है, जहां क्रिसमस का पर्व सबसे भव्य और जीवंत तरीके से मनाया जाता है। शायद ऐसा इसलिए भी होता है, क्योंकि गोवा पर पुर्तगाली संस्कृति का काफी असर है। इस अवसर पर यहां चर्चों में भव्य सजावट की जाती है, पारंपरिक कैरोल गीत गाए जाते हैं। क्रिसमस के दौरान पूरे गोवा का माहौल उत्सवमय रहता है।

गोवा में क्रिसमस पर सजे-धजे चर्च

कोलकाता: गोवा जैसी ही कुछ खूबियां कोलकाता के क्रिसमस सेलिब्रेशन में भी दिखती हैं। इस अवसर पर शहर के सभी गिरजाघर रोशनी से जगमगा जाते हैं। खासतौर पर यहां पार्क स्ट्रीट स्थित गिरजाघर में क्रिसमस के समय विशेष रूप से सजावट होती है। इस गिरजाघर में क्रिसमस का उत्सव देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं।

दिल्ली-मुंबई: दिल्ली के सेंट जेम्स चर्च में क्रिसमस के समय विशेष सजावट होती है और मिड नाइट मास यानी सामूहिक पूजा होती है, जो बहुत ही दर्शनीय होती है। इसी तरह देश की वित्तीय राजधानी मुंबई के माउंट मैरी चर्च, बांद्रा और चर्चगेट क्षेत्रों को विशेष रूप से सजाया जाता है, यहां क्रिसमस की विशेष प्रार्थनाएं आयोजित की जाती हैं। इन स्थानों पर धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक रूप से क्रिसमस बहुत ही उत्साह, उमंग के साथ मनाया जाता है।

मुंबई में क्रिसमस का जश्न मनाते लोग

पूर्वोत्तर के राज्य: भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों जैसे मिजोरम, नागालैंड और मेघालय में भी क्रिसमस खूब धूमधाम से मनाया जाता है। इस अवसर पर यहां सभी समुदाय एकत्र होकर सामूहिक प्रार्थना करते हैं। पारंपरिक नृत्य करते हैं और अपने विशेष स्थानीय व्यंजनों का लुत्फ उठाते हैं। खासतौर पर शिलांग, आइजोल समेत अन्य पूर्वोत्तर के शहरों में भी क्रिसमस सामूहिक उत्सव के तौर पर मनाया जाता है।

केरल: दक्षिण भारतीय राज्य केरल में क्रिसमस के समय धार्मिक के साथ ही ज्यादातर गतिविधियां सांस्कृतिक तौर-तरीकों से संपन्न होती हैं। सेंट फ्रांसिस चर्च और सांता क्लॉज बेसिलिका इस पर्व में लोगों के आकर्षण का केंद्र होते हैं।

ऐसे करते हैं सेलिब्रेट: क्रिसमस का जश्न मनाने के लिए लोग घरों में अकसर प्लम केक और कुकीज बनाते हैं। बच्चों के लिए क्रिसमस के समय सांता क्लॉज द्वारा उन्हें तोहफे देने का जो रोमांच है, उसकी जगह कोई और नहीं ले सकता। बच्चों के लिए तो क्रिसमस का क्रेज बहुत ज्यादा होता है। क्रिसमस के मौके पर स्कूलों और कॉलेजों में जीसस क्राइस्ट के जीवन से जुड़े संदर्भों पर नाटक किए जाते हैं, कैरोल गायन किया जाता है और तरह-तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। कह सकते हैं कि भारत में क्रिसमस महज एक धार्मिक त्योहार नहीं है बल्कि यह एक सांस्कृतिक पर्व बन गया है। *

दोहे
प्रो. शरद नारायण खरे

पत्थर की महिमा

रहना पत्थर बन नहीं, बन जाना तुम मोम।
मानवता को धारकर, पुलकित कर हर रोम।।
पत्थर दिल होते जटिल, खो देते हैं भाव।
उनमें बचता ही नहीं, मानवता प्रति ताव।।
पत्थर की तासीर है, रहना नित्य कठोर।
करुणा बिन मौसम सदा, हो जाता घनघोर।।
पत्थर जब सिर पर पड़े, बहने लगता खून।
दर्द बढ़ाता नित्य ही, पीड़ा देता दून।।
सीमा पर प्रहरी बनो, पत्थर बनकर आज।
करो शहादत शान से, हर उर पर हो राज।।
पत्थर से बनते भवन, योगदान का मान।
पत्थर से बनते किले, रखती चोखी आन।।

कहानी / शरद उपाध्याय

रजाई

अनवर की बेहद मुलायम, कसीदाकारी की हुई गर्म रजाइयों का जवाब नहीं था। इसको ओढ़ा व्यक्ति ठंड को भूल जाता था। लेकिन विडंबना ऐसी कि अनवर ने कभी अपनी बनाई रजाई ओढ़कर नहीं देखी थी। अनवर तो यही सोचता था, ये रजाई उसके ओढ़ने के लिए है ही नहीं। एक मेहनतकश इंसान के जीवन की विसंगति को उकेरती मार्मिक कहानी।

सर्दी की रात, चारों ओर पसरा हुआ सन्नाटा। सूनी पड़ी हुई गली में सर...सर करती हवाएं। कंपकंपाने वाली ठंड। इस तंग गली के एक कोठरीनुमा कमरे में अनवर की गृहस्थी सिमटी हुई थी। शरीर बूढ़ा हो चला था, लेकिन हाथ अनवरत चल रहे थे।

चालीस साल से अनवर की बस एक ही दिनचर्या थी। दिन-रात की मेहनत से वह कम वजन वाली कोमल-खूबसूरत रजाइयां तैयार करता था। सेठ जी सुंदर कसीदाकारी वाली रजाइयां उसे बनाने देते, फिर शुरू होती अनवर की कारीगरी। अनवर के हाथ की बनी रजाइयां, देश-विदेश में जाती थीं। इस कार्य के लिए कई सरकारी और गैर-सरकारी संस्थाएं उसे पुरस्कृत कर चुकी थीं।

अनवर ने अपने कमरे को दो भागों में बांट रखा था। एक ओर उसकी गृहस्थी, खाने-पीने का सामान था, दूसरी ओर रूई, रजाइयां, सुई-धागे आदि पड़े रहते थे। सारा कमरा बेतरतीब था। गंदगी और अव्यवस्था एक-दूसरे से बढ़कर थी। कमरे में लगा पीला बल्ब बीमार-सी रोशनी फेंकता रहता। खुद अनवर अव्यवस्थित कमरे का प्रतिरूप जान पड़ता था।

इन सबसे अलग कमरे में अनवर द्वारा तैयार सुंदर, रेशम, मखमली कपड़े की बनी मुलायम रजाई भी रखी होती, जो छूते ही पंख-सा अहसास देती थी। रजाई की अद्भुत कसीदाकारी उसका सौंदर्य दुगना कर देती थी। अनवर दिनभर रजाई का ही काम करता था। पूरी होने पर उसको अनमोल धरोहर की तरह रखवा देता। उसका ध्यान रखता था कि कि कमरे की गंदगी कहीं उसे छू ना जाए।

रजाई उसके लिए एक वस्तु नहीं थी, अपितु पूजा थी, इबादत थी, वो समर्पण भाव से अपने काम में खोया रहता। रजाई ही उसकी आकार-निराकार प्रतिमा थी। रजाई उसके लिए भोर का गीत थी, संध्या की रागिनी थी।

अनवर कमरे के दूसरे छोर पर सोता था। एक पुरानी-सी गुदगुड़ी और दो फटे कंबल ओढ़कर। कड़कड़ाती सर्दी में ये कंबल अपर्याप्त थे। मगर वो यह ही सोचकर तसल्ली कर लेता था कि दो महीने की तो बात है, बेकार में खर्चा क्यों किया जाए।

रात धीरे-धीरे गहराती जा रही थी। हवाएं रह-रह कर उसके रोंगटे खड़े कर देती थीं, लेकिन अनवर हमेशा की तरह अपने काम में लगा हुआ था। रजाई लगभग तैयार होने को ही थी। उसे लग रहा था कि वह पूरा काम करके ही सोए। अधूरे काम में उसे चैन नहीं मिलता था। फिर रात भर एक अजीब-सी बेचैनी घेरे रहती। ठंड का एक झोंका, उसे फिर आकर कंपा गया। वह सिहर उठा, लेकिन काम लगातार करता रहा। अंत में करीब एक घंटे बाद रजाई का काम पूरा हो गया।

अनवर के मन को तसल्ली हुई। वह धीरे से उठा और अपने बिस्तर पर आकर लेट गया। ठंड बढ़ती जा रही थी। दोनों कंबल ओढ़ने के बाद भी सर्दी में कोई कमी नहीं आई थी। चारों ओर से लिपटा कंबल ठंड के मारे पानी-पानी हो रहा था।

'कोई बात नहीं, एक तो बज ही गया होगा, चार-पांच घंटे बाद सुबह हो जाएगी।' मन ही मन उसने अपने आपको तसल्ली दी। बल्ब की पीली रोशनी में जहां पूरा कमरा उदासी से भरा हुआ था, वहीं रजाई की उपस्थिति कमरे की शोभा में चार चांद लगा रही थी। उसकी रजाइयां बहुत ही सुंदर और गर्म रहती हैं।

सुंदर के बारे में तो उसे पता था, लेकिन गर्म रहती हैं, ऐसा सिर्फ उसने लोगों से सुना था। लोग कहते थे कि अनवर के हाथों की बनी रजाई तो ऐसी होती हैं कि बर्फ में भी ओढ़कर बैठ जाएं।

हालांकि वह रजाइयों का निर्माता था, रचयिता था, सृजनकर्ता था। लेकिन वह उसकी इस विशेषता से अनभिज्ञ था। कारण, यही था कि सेठजी की हमेशा यही हिदायत रहती थी कि रजाइयां जरा भी गंदी नहीं होनी चाहिए, एक भी गंदा निशान नहीं पड़ना चाहिए। आखिर हजारों रुपए की अमानत है।

अनवर ने करवट बदली। रजाई अपने अप्रतिम सौंदर्य के साथ उसके सामने रखी थी। ठंड लगातार बढ़ती जा रही थी। अचानक उसके दिमाग में एक ख्याल आया, वह रोमांच से भर उठा। वह सृजनकर्ता है, निर्माता है लेकिन अपने सृजन से कितना अनभिज्ञ है। वह चालीस सालों से रजाई बना रहा है, लेकिन उसने कभी ओढ़कर नहीं देखी। पता नहीं इसे ओढ़कर कैसा अहसास होता होगा। लोग उसकी रजाई से कैसा सुख अनुभव करते होंगे।

अनवर धीरे से उठा और रजाई के पास जाकर बैठ गया। रजाई बहुत ही सुंदर लग रही थी। उसने रजाई को धीरे से सहलाया, बहुत ही सुखद-कोमल अहसास...। वह अपना हाथ रजाई के अंदर ले गया। नर्म सा अहसास... उसका दिल जोर-जोर से धड़कने लगा। उसने चारों ओर देखा, कोई नहीं था। खिड़की पर पल्ला नहीं था, उस पर लगा पर्दा शांत था। ठंड बहुत हो रही थी। वह पुनः अपने बिस्तर पर चला आया। दोनों कंबलों को ओढ़कर लेट गया। रजाई ओढ़ने की हिम्मत वह जुटा नहीं पाया। बस पड़े-पड़े उसे देखता रहा। रजाई बहुत ही सुंदर लग रही थी। कसीदाकारी और रंग के समावेश ने उसके सौंदर्य को चार चांद लगा दिए थे।

वह सोच रहा था कि सचमुच कितना अच्छा लगता होगा, जब लोग उसकी रजाई को चारों ओर से लपेट लेते होंगे। जो लोग इतनी महंगी रजाई ओढ़ते होंगे, वे नीचे मोटे-मोटे गद्दे भी बिछाते होंगे। फिर उस पर नर्म चादर... ऊपर से सुंदर सुकोमल रजाई। इन्हीं कल्पनाओं में खोया अनवर ना जाने कब सपनों की सुहावनी दुनिया में पहुंच गया। उसे लगा कि वह एक बहुत आरामदायक बिस्तर पर सोया है। बहुत ही मुलायम गद्दा, उस पर बिछी मखमल की चादर, ऊपर उसने अपनी रजाई ओढ़ रखी है, बिल्कुल ऐसे जैसे कि उसके चारों ओर छोटे-छोटे पंख लपेट दिए हों।

ऐसा सुखद अनुभव तो उसे कभी जिंदगी में नहीं हुआ। अचानक अनवर को ठंडापन सा लगा। उसकी रजाई में ठंड! तभी उसकी नींद खुल गई। उसने देखा, यह सच नहीं था। वह सपना देख रहा था। उसे वास्तव में ठंड लग रही थी। वह उठकर बैठ गया। रजाई वैसी ही रखी हुई थी, सुंदर-सुकोमल। अनवर का गला सूख रहा था। वह धीरे से उठा। कुछ घूंट पानी पिया, उसे राहत मिली। लेकिन वापस लौटकर इस बार वह पुनः अपने बिस्तर के पास नहीं गया। वह अपनी तैयार की हुई रजाई के पास पहुंचा। वहीं बैठ गया।

धीरे-धीरे उसे सहलाता रहा। उसे बहुत अच्छा लग रहा था। पहली बार उसे लगा कि वह उसका सृजनकर्ता है निर्माता है, उसे भी पूरा-पूरा अधिकार है, अपने सृजन के अहसास को अनुभव करने का। उसने अब खिड़की की ओर भी नहीं देखा। वह रजाई में घुस गया। उसे लगा यह पल उसके जीवन का सबसे सुखद पल है। निर्वाण का पल, शांति का पल, वह बहुत ही खुश था.. बहुत ही खुश...! *